● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 197, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 29 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

इन्फ्लुएंसर्स पर मेहरबान योगी सरकार 5

जय शाह को बनाया गया आईसीसी का चेयरमैन 6

सकारात्मक सोच से उद्योगों के विकास का समन्वित प्रयास: डॉ. यादव

ग्वालियर आरआईसी में प्राप्त हुए 8 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल नीतियों और वातावरण के साथ प्रशासनिक स्तर पर भी स्वागत व अभिनंदन का भा रहेगा। प्रदेश में सकारात्मक सोच के साथ औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। ग्वालियर आरआईसी में 8 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे 35 हजार से अधिक रोजगार के नवीन अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर 1586 करोड़ रूपए की लागत से प्रदेश में 47 नई औद्योगिक इकाइयों का सिंगल क्लिक से भूमिपूजन और लोकार्पण किया। यह कॉन्क्लेव विरासत, इतिहास और उद्योग की थीम पर केन्द्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल कॉन्क्लेव मात्र कहने के लिये रीजनल हैं, हकीकत में यह कॉन्क्लेव राज्य स्तरीय है। इन औद्योगिक इकाइयों के प्रांरभ होने से स्पंदन पूरे प्रदेश में होना है। मंच पर 5 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन पत्र भी प्रदान किए गए। इसके साथ ही ग्वालियर-चंबल जिले के 8 जिला स्तरीय इंडस्ट्री फेसिलिटेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। ये केन्द्र ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, गुना और अशोकनगर में आज से ही प्रांरभ हो गए हैं। कॉन्क्लेव में मेक्सिको, जाम्बिया के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में निजी क्षेत्र में बड़ा चिकित्सालय भी खोला जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव के आयोजन के पीछे यह भाव भी है कि उद्योगपति प्रदेश की विशेषताओं को आकर स्वयं देखें और मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापना का निर्णय लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज ग्वालियर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य अतिथियों के साथ इस वर्ष की तृतीय रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का ग्वालियर में दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विश्वविद्यालय परिसर में राजमाता श्रीमती विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के उद्योग विकास की संभावनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनुकूलता से उद्यमशीलता का विकास और तीव्र गति से संभव है। उद्योग और निवेश की दृष्टि से ग्वालियर प्रमुख केंद्र रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने इंदौर की हुकुमचंद मिल के श्रमिकों को मुआवजा राशि दिलवाने का कार्य किया गया है। यह कार्य अनेक वर्ष से लंबित था। रुग्ण औद्योगिक इकाइयों की समस्याएं भी हल होना चाहिए।

देश में जोधपुर-आगरा समेत 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनेंगे

10 राज्यों में 28 हजार करोड़ की स्कीम मंजूर, 40 लाख नौकरियां मिलेंगी

नई दिल्ली

देश के 9 राज्यों में 12औद्योगिक स्मार्ट शहर तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा, 10 राज्यों में 6 कॉरिडोर बनेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार, 28 अगस्त को इसकी मंजूरी दी।

12 औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर और 30 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रोजेक्ट की कुल लागत 28,602 करोड़ होगी। 1.52 लाख करोड़ की निवेश क्षमता होगा। ये औद्योगिक स्मार्ट सिटी नेशनल इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरिडोर प्रोग्राम के तहत बनाए जा

सकते हैं।

रेलवे के 3 इंफ्रा प्रोजेक्ट को भी मंजूरी

जमशेदपुर पुरूलिया आसनसोल (थर्ड लाइन- 121 किमी)। सुंदरगढ जिले के सरडेगा से रायगढ जिल के भालूमुडा तक के लिए 37 किमी लंबी नई डबल लाइन। बरगढ रोड से नवापारा (ओडिशा) तक के लिए 138 किमी लंबी नई लाइन। 234 शहरों में निजी स्नरू रेडियो की मंजूरी। कैबिनेट ने देश के 234 शहरों या कस्बों में निजी स्नरू रेडियो शुरू करने को मंजूरी दे दी। इन शहरों में अभी यह सेवा नहीं थी।

9 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पीएम ने अगले ही दिन 10 जून को मंत्रिपरिषद की पहली बैठक की थी। इसमें गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी थी। इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। पीएम मोदी ने सम्मान निधि की फाइल पर भी साइन किए थे। केंद्र की किसान कल्याण योजना के तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है।

महबूबा मुफ्ती विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने 17 सीटों पर प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इससे पहले 22 अगस्त को 8 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई थी। इसमें पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा का नाम भी था।

दूसरी लिस्ट जारी होने के कुछ देर बाद महबूबा ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया। महबूबा इस साल हुए लोकसभा चुनाव में अनंतनाग से मैदान में थीं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर को पहले चरण की वोटिंग होगी। 27 अगस्त को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। चुनाव आयोग के मुताबिक, सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 279 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। अनंतनाग जिले में कुल 72 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। इसके बाद पुलवामा जिले में 55, डोडा जिले में 41, किश्तवाड़ में 32, शोपियां में 28, कुलगाम में 28, जबकि रामबन में 23 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। चुनाव आयोग ने बुधवार को जेल में बंद सर्जन बरकती, डॉ. अब्दुल बारी और 24 अन्य उम्मीदवारों के नामांकन फॉर्म खारिज किए हैं। पहले चरण के चुनाव में 23.27 लाख से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। जिनमें से 11.76 लाख पुरुष मतदाता और 11.51 लाख महिला मतदाता हैं, साथ ही 60 थर्ड जेंडर वोटर्स हैं।

अब हेमंत सोरेन के करीबी को बेल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (28 अगस्त) को अवैध खनन मामले में हेमंत सोरेन के करीबी प्रेम प्रकाश को बेल दे दी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज केस में जांच एजेंसी को निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा किसी व्यक्ति की आजादी मूल सिद्धांत है। हमने सिसोदिया केस में भी कहा था कि बेल नियम है और जेल एक अपवाद। कोर्ट ने कहा- पीएमएलए के सेक्शन 45 में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी के बेल की 2 शर्तें दी गई है।

कोलकाता काण्ड पर राष्ट्रपति बोलीं-मैं निराश हू, भयभीत हू, बस अब बहुत हुआ

नई दिल्ली। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के 20 दिन बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहला बयान आया है। उन्होंने कहा कि मैं घटना को लेकर निराश और डरी हुई हूं। अब बहुत हो चुका। समाज को ऐसी घटनाओं को भूलने की खराब आदत है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 'विमेंस सेफ्टी- इनफ इज इनफ' नाम से एक आर्टिकल लिखा था, जिस पर उन्होंने मंगलवार (27 अगस्त) को पीटीआई के एडिटर्स से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोई भी सभ्य समाज अपनी बेटियों और बहनों

पर इस तरह की अत्याचारों की इजाजत नहीं दे सकता।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात 31 साल की ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। उनका शव सेमिनार हॉल में मिला था। उनकी गर्दन टूटी थी। मुंह, आंखों और प्राइवेट पार्ट्स से खून बह रहा था। राष्ट्रपति ने लिखा- कोलकाता में हुई डॉक्टर के रेप और मर्डर की घटना से देश सकते में है। जब मैंने इसके बारे में सुना तो मैं निराश और भयभीत हुई। ज्यादा दुखद बात यह है कि यह घटना अकेली घटना नहीं है। यह महिलाओं के खिलाफ अपराध का एक हिस्सा है। जब स्टूडेंट्स, डॉक्टर्स और नागरिक कोलकाता में प्रोटेस्ट कर रहे थे, तो अपराधी दूसरी जगहों पर शिकार खोज रहे थे। विक्टिम में किंडरगार्टन की बच्चियां तक शामिल थीं।

टेरर फंडिंग केस- सांसद राशिद की जमानत पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर टेरर फंडिंग केस में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद बारामूला के सांसद शेख अब्दुल राशिद की जमानत पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। पटियाला हाउस कोर्ट में केस की जांच कर रही नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने जमानत का विरोध किया है। इंजीनियर राशिद के नाम से मशहूर अब्दुल राशिद की याचिका पर सुनवाई बंद कमरे में की गई। सुनवाई के बाद एडिशनल सेशन जज चंद्रजीत सिंह ने ऑर्डर रिजर्व कर लिया।

मुंबई में एमव्हीए की बैठक में तीनों पार्टियों के नेताओं ने की प्रेस कांफ्रेस

मुंबई। मुंबई में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के घर मातोश्री पर महा विकास अघाड़ी की बुधवार (28 अगस्त) को बैठक हुई। इसमें एनसीपी प्रमुख शरद पवार, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले भी शामिल हुए। बैठक के बाद तीनों पार्टियों के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी समुद्र किनारे राजभवन में रहते थे, उनकी टोपी कभी नहीं उड़ी। शिवाजी महाराज की मूर्ति हवा से कैसे गिर गई। राज्य में भ्रष्टाचार से लिप्त सरकार चल रही है। स्मारक के काम में करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है। इसे फिर से बनाने के नाम पर करोड़ों का भ्रष्टाचार होगा। कामकाज में कीड़े लग गए हैं। मैं इन्हें शिवद्रोही कहूंगा। उद्धव ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर हमने दो-तीन दिन पहले बंद का आवाहन किया था, लेकिन के कोर्ट आदेश के कारण ये नहीं हो सका। अब 1 सितंबर को एमव्हीए का मुंबई के हुतात्मा चौक पर आंदोलन होगा। शरद पवार ने कहा कि राज्य सरकार जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। ये गंभीर मामला है इसमें राजनीति क्या है।

भारत ने 73 हजार अमेरिकी राइफल्स का ऑर्डर दिया

रु. 837 करोड़ में डील हुई, 2019 में 647 करोड़ में 72,400 राइफल्स मंगाई थीं

नई दिल्ली। भारत ने अमेरिका से 73,000 सिग सॉ असॉल्ट राइफल्स का दूसरा ऑर्डर दिया है। सिग सॉ ने यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस डील को भारत ने 837 करोड़ रुपए में साइन किया है। इससे पहले फरवरी 2019 में फास्ट-ट्रैक खरीद के तहत भारत ने 647 करोड़ रुपए में 72,400 एसआईजी-716 राइफल्स का ऑर्डर दिया था। राइफल्स की दूसरी खरीद को दिसंबर 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुआई में डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने मंजूरी दी

थी। इसकी डिलीवरी के बाद भारतीय सेना के पास 1.45 लाख से ज्यादा एसआईजी-716 असॉल्ट राइफल्स हो जाएंगी।

2018-19 में राइफल्स की बढ़ती जरूरत के लिए भारत ने रूस से एके-203 राइफल्स का ऑर्डर दिया था, लेकिन इनके मिलने में देरी के चलते भारत ने फरवरी 2019 में अमेरिकी फर्म सिग सॉ से डील की थी। पहले लॉट में आईं 72,400 राइफल्स से सेना को 66,400, एयरफोर्स को 4,000 और नेवी को 2,000 राइफल्स दी गई थीं। ये धीरे-धीरे इनसास राइफल की जगह लेंगी। भारत-रूस के जॉइंट वेंचर इंडो-रूस राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत को 35 हजार एके-203 असॉल्ट राइफल डिलीवर कर दी हैं। इनका प्रोडक्शन 2021 में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के तहत शुरू किया गया है।

भारत एके-203 कलाशिनकोव राइफल्स को रूस की मदद से अमेठी के इंडो-रूस राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड में बना रहा है। इसमें 35,000 च-203 कलाशिनकोव असॉल्ट राइफल्स की पेंडिंग डिलीवरी जुलाई 2024 में कर दी गई है। समझौते के तहत 10 साल में 6 लाख एके-203 राइफल्स बनाई जानी हैं।

एके-203 प्रोजेक्ट की घोषणा 2018 में की गई थी, लेकिन लागत, रॉयल्टी, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसी वजहों से प्रोजेक्ट में देरी हुई।

नारायण राणे और आदित्य ठाकरे के समर्थकों के बीच झड़प

सिंधुदुर्ग। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में राजकोट किले में 2 दिन पहले गिरी छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा को लेकर राजनीतिक घटनाक्रम तेज हो गए हैं। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे और भाजपा सांसद नारायण राणे अपने-अपने समर्थकों के साथ एक ही समय पर राजकोट के किले (जहां शिवाजी की प्रतिमा थी) पहुंचे। यहां दोनों के समर्थक आपस में भिड़ गए।

बुधवार सुबह आदित्य ठाकरे किले में अपने समर्थकों के साथ चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान नारायण राणे अपने बेटे निलेश राणे और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ राजकोट किला पहुंचे। यहां तैनात पुलिस अधिकारियों से उनकी बहस होने लगी। इसके बाद ठाकरे समर्थकों से राणे के समर्थक भिड़ गए। दोनों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहले ठाकरे कि खिलाफ नारेबाजी की थी, जिससे ठाकरे के समर्थक भड़क गए। घटना के बाद ठाकरे ने कहा- यहां जो हुआ, वह दुर्भाग्यपूर्ण था। शिवाजी महाराज के किले पर राजनीति नहीं करनी चाहिए थी। शिवाजी महाराज की प्रतिमा 26 अगस्त को दोपहर 1 बजे गिरी थी।

भागवत को जेड+ से बढ़ाकर एएसएल सिक्योरिटी दी गई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्रमुख मोहन भागवत अब एडवांस सिक्योरिटी लाइजन की सुरक्षा में रहेंगे। ऐसी ही सिक्योरिटी गृह मंत्री अमित शाह को मिलती है। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि आईबी ने मंत्रालय को खतरों के जुड़ी एनालिसिस रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर 16 अगस्त को नए निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने कहा कि पहले एएसएल प्रोटोकॉल तब यूज किया जाता था तब भागवत ऐसी जगहों पर जाते थे जो संवेदनशील हैं। अभी भागवत उन लोगों में शामिल हैं जिन्हें सीआईएसएफ का जेड+ सिक्योरिटी कवर मिलता है। नए सिक्योरिटी अपडेट से सीआईएसएफ की वर्तमान में दी जा रही सिक्योरिटी और अपडेट हो जाएगी।

गुजरात के 13 जिलों में 200 मिमी से ज्यादा बारिश, 18 जिलों में बाढ़

नई दिल्ली। गुजरात के 13 जिलों में पिछले 24 घंटे में 200 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। 18 जिलों में बाढ़ के हालात हैं, 5 जिलों राजकोट, आणंद, मोरबी, खेड़ा, वडोदरा और द्वारका में सेना को तैनात किया गया है। गुजरात में बाढ़-बारिश के चलते पिछले 3 दिनों में 15 लोगों की मौत हो गई। 23 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 50 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। अहमदाबाद, राजकोट, बोटाद, आणंद, खेड़ा, महिसागर, कराच और मोरबी में प्राइमरी-सेकेंडरी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है। बुधवार और गुरुवार को सौराष्ट्र और कच्छ में बेहद भारी बारिश का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में भी लखनऊ-आगरा समेत 10 जिलों में बारिश हो रही है। वाराणसी में इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां डूब गईं। पिछले 24 घंटे में 40 जिलों में 4.7मिमी बारिश हुई है। बलिया में सरयू नदी खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर बह रही है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक गुजरात में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। कच्छ, सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात में सालाना औसत बारिश का आंकड़ा 100 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है। राज्य के 76 बांध और तालाब 100% भरे हुए हैं।

आईएमडी ने बताया है कि सौराष्ट्र-कच्छ में 2 दिन तक बारिश का रेड अलर्ट है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी बारिश का दौर जारी रहेगा। 40-60 किमी/घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। कई जिलों में बिजली गिरने का भी अलर्ट है। गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल ने बताया कि बाढ़ को लेकर पीएम मोदी से फोन पर बात हुई है।

भारत की दूसरी न्यूक्लियर सबमरीन अरिघात बनकर तैयार

60 हजार क्विंटल वजन, 750 किमी तक मिसाइल अटैक की रेंज

नई दिल्ली। भारत की दूसरी न्यूक्लियर सबमरीन अरिघात बनकर तैयार है। इसे कल यानी (29 अगस्त) को इंडियन नेवी को सौंपा जा सकता है। अरिघात को 2017 में लॉन्च किया गया था। तब से इसकी टेस्टिंग जारी रही। अब फाइनली इसे कमीशन किया जाएगा।

अरिघात आईएनएस अरिहंत का अपग्रेडेड वर्जन है। इसे विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना के शिप बिल्डिंग सेंटर में बनाया गया था। अरिहंत की तरह ही अरिघात भी 750 किलोमीटर की रेंज वाली के-15 मिसाइलों से लैस होगी। इस सबमरीन का वजन 6 हजार टन (60 हजार क्विंटल) है।

भारतीय नौसेना अब तक 3 न्यूक्लियर सबमरीन तैयार कर चुकी है। इसमें से एक अरिहंत

कमीशंड है, दूसरी अरिघात मिलने वाली है और तीसरी एसएक्स पर टेस्टिंग जारी है। इन सबमरीन के जरिए दुश्मन देशों पर परमाणु मिसाइल दागी जा सकती हैं। 2009 में पहली बार सांकेतिक तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर आईएनएस अरिहंत को लॉन्च किया था। इसके बाद 2016 में इसे नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। अगले 5 साल में दो और पनडुब्बियों को भारतीय नौसेना ने लॉन्च किया है।

2009 में लॉन्च करने से पहले भारत ने पनडुब्बियों को दुनिया से छिपा रखा था। 1990 में भारत सरकार ने एटीव्ही यानी एडवांस टेक्नोलॉजी वेसल प्रोग्राम शुरू किया था। इसके तहत ही इन पनडुब्बियों का निर्माण शुरू हुआ था। आईएनएस अरिघात समुद्र के अंदर मिसाइल अटैक करने में उसी तरह सक्षम है, जिस तरह अरिहंत ने 14 अक्टूबर 2022 को टेस्टिंग की थी। तब अरिहंत सेच-15 एसएलबीएम की सफल टेस्टिंग की गई थी। इसी के साथ भारत अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन के अलावा दुनिया का छठा न्यूक्लियर ट्रायड देश बन गया था। इसे हम भारत और पाकिस्तान के उदाहरण से समझते हैं। मान लीजिए भारत और पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे पर युद्ध की तैयारी करने लगते हैं। परमाणु हथियारों को छोड़ दें तो सैनिक शक्ति के मामले में भारत पाकिस्तान पर काफी भारी है। यानी युद्ध हुआ तो भारत की जीत तय है। ऐसे हालात में पाकिस्तान भारत पर परमाणु हमला करने का प्लान बनाने में जुट जाता है। अब सवाल ये है कि पाकिस्तान सबसे पहले क्या सोचेगा?

इसका जवाब है कि ऐसे में पाकिस्तान की सबसे बड़ी चिंता होगी कि अगर वह परमाणु हमला करता है तो भारत भी जवाब में उस पर परमाणु हथियार इस्तेमाल करेगा। इस तरह पाकिस्तान खुद भी तबाह हो जाएगा। ऐसे में पाकिस्तान भारत पर इतने ज्यादा परमाणु बम गिराने का प्लान बनाएगा कि भारत की जमीन पूरी तरह तबाह हो जाए और वह पाकिस्तान पर जवाबी हमला करने की स्थिति में न रहे। इधर, भारत पहले से ऐसे किसी परमाणु हमले के जवाब में दुश्मन पर परमाणु हमला करने की क्षमता को बचाए रखने की तैयारी किए बैठा होगा।

माँ धनौजा मंदिर प्रांगण में कृष्ण जन्म उत्सव के अवसर पर आयोजित हुआ भजन संध्या व मटकी फोड़ प्रतियोगिता

सिंगरौली। माँ धनौजा मंदिर प्रांगण में कृष्ण जन्म उत्सव के अवसर पर दही हंडी और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सीधी सिंगरौली के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, एवं देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, एवं सिंगरौली जिला अध्यक्ष राम सुमरन गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। इस उत्सव ने धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को न केवल जीवित रखा बल्कि मंदिर प्रांगण में उमंग और उल्लास का माहौल भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन संध्या से हुई, जिसमें कलाकारों ने भगवान कृष्ण की भव्य भक्ति में रचा गया भजन प्रस्तुत किया। भजन संध्या का वातावरण श्रद्धा और भावनाओं से भरपूर था, जिसने उपस्थित भक्तों को आनंदित कर दिया। भजन और कीर्तन की लहरें पूरे मंदिर परिसर में फैल गईं और भक्तों ने हर्ष और उल्लास के साथ भाग लिया। मुख्य आकर्षण दहीहंडी और मटकी फोड़ प्रतियोगिता थी, जिसमें विभिन्न टोलीयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन भक्तिभाव और आनंद के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने ऊँचाई पर लटकी हुई मटकी को फोड़ने के लिए कठिनाईयों का सामना करते हुए अपनी काबिलियत दिखाई।कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन भी बड़े धूमधाम से किया गया। भंडारे में भक्तों को स्वादिष्ट प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें स्थानीय पकवानों से लेकर अन्य विशेष व्यंजन शामिल थे। इस भव्य आयोजन ने सभी को एकत्रित किया और सामूहिक रूप से उत्सव के आनंद को साझा करने का मौका प्रदान किया। धनौजा मंदिर के इस कृष्ण जन्म उत्सव ने धार्मिक भावना को प्रबल किया और क्षेत्रीय सांस्कृतिक परंपराओं को संजीवनी प्रदान की। इस प्रकार का आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देता है। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में 10 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें विजेता हायर सेकंडरी स्कूल तिराहे की टीम विजेता रही। टीम को नगद पुरस्कार 7200 रूपये एवं स्मृति चिन्ह ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जो 5100 रूपये मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विजेता टीम को समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी के द्वारा एवं 2100 भैरव समिति के द्वारा प्रदान किया गया। यह राशि टीम की प्रेरणा और मेहनत को मान्यता देने के लिए दी गई थी। इस पहल से न केवल विजेता टीम को प्रोत्साहन मिला, बल्कि समाज में खेलकूद और प्रतियोगिताओं के प्रति सकारात्मक भावना भी बढ़ी। इस सम्मान ने प्रतियोगिता की महत्ता को और भी बढ़ा दिया और सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। एवं वहीं पर छोटे बच्चों का 10 प्रकार के खेल कराए गए जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने खूब बढ़-कर कर हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण में सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा, थानेदार मनोज सिंह, नगर परिषद सरई सीएमओ नगर परिषद उपाध्यक्ष विजय गुप्ता एवं भैरव समिति के सदस्य मौजूद रहे।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्त शामिल होने पंहुचे हुए थे। बता दें कि इस कार्यक्रम में काफी दूर से भक्त शामिल होने पंहुचें थे। क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मेश्राम के द्वारा भैरव समिति को 50000 राशि देने का घोषणा की गई हैं। हलाकि मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान बारिश भी हो रही थी किंतु सभी लोग डटें रहे।

अदाणी फाउंडेशन ने गोंडबहेरा उज्जैनी परियोजना के आसपास के गांवों में राखी का पर्व मनाया

सिंगरौली। अदाणी फाउंडेशन ने राखी के पवित्र पर्व पर गोंडबहेरा उज्जैनी एवं गोंडबहेरा उज्जैनी पूर्वी परियोजना के 7 गांवों की 250 से अधिक महिलाओं के साथ इस त्योहार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस पहल के माध्यम से राखी का पवित्र धागा बांधा गया, जो सुरक्षा और सम्मान के बंधन का प्रतीक है। रक्षाबंधन का यह उत्सव हर्षोउल्लाश के साथ उज्जैनी, तलवा, मझौली, देवरा, मनिहारी, पचौर, एवं तीनगुडी में मनाया गया ! जहाँ 250 से अधिक महिलाओं ने साइट के सीएसआर प्रभारी शोभित प्रताप सिंह की कलाई पर राखी बाँधी एवं उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। यह अदाणी फाउंडेशन की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत हम जमीनी स्तर पर मजबूत, विश्वास-आधारित रिश्तों को पोषित करने के लिए समर्पित हैं, जो आपसी सम्मान पर आधारित हैं। हमारा लक्ष्य केवल व्यवसाय को बढ़ाना नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर विश्वास, प्रेम और देखभाल पर आधारित रिश्तों को पोषित करना है। प्रोजेक्ट के साइट हेड सुधीर कटला ने कहा कि, हमारे लिए रिश्ते सबसे ऊपर हैं, हम जिन हितधारकों के साथ जुड़ते है, उनके साथ मजबूत रिश्ते भी बनाते हैं।यह राखी पर्व का उत्सव उस समर्पण का प्रतीक है जिसके माध्यम से अदाणी उन समुदायों के भीतर सार्थक और दीर्घकालिक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनकी वे सेवा करते हैं। उपरोक्त पर्व पर मुख्य रूप से जानकी देवी, कल्पना, बसंती देवी, सुषमा अंकिता, प्रेमलता, सहित सैकड़ों महिलाऐं उपस्थित रहीं।उल्लेखनीय है कि अदाणी फाउंडेशन, इस क्षेत्र में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविकोपार्जन, अधोसंरचना विकास के साथ-साथ जल संचय और पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित कई कार्यक्रम संचालित करता है, जिसका स्थानीय ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत साजापानी के आदिवासी रोड-पुल के लिए हैं मोहताज

सिंगरौली। जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत साजापानी में आज भी रोड पुलिया की समस्या व्याप्त है। आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत साजापानी के घाघी नाला में पुल न होने से ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत साजापानी में दो गांव -साजापानी व घाघी टोला सम्मिलित हैं। यह विधानसभा क्षेत्र धौहनी के सिंगरौली जिले अंतर्गत आता है। आजादी के 77 साल बीत जाने के बाद भी साजापानी में निवास करने वाले लोगों को नदी -नालों में रोड पुल नसीब नहीं हो रहा है। जहां लगभग 2 हजार की आबादी निवास कर रही है। भाजपा की डबल इंजन वाला सरकार के होते हुए भी आदिवासी भाइयों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। भाजपा की स्वर्णिम मध्य प्रदेश व समृद्ध मध्य प्रदेश का नारा फ्लॉप होते देखा जा रहा है यदि यहां बारिश के दिनों में कोई अचानक बीमार पड़ जाए तो उसे अस्पताल पहुंचाना बड़ी मुश्किल हो जाती है। इसके अलावा उस घाघी नाला को छोटे-छोटे स्कूली बच्चे पार करके पढ़ने जाते हैं। जिससे अभिभावकों में हमेशा किसी अनहोनी की शंका बनी रहती है। यहां तक की कुछ अभिभावक जिस दिन बारिश होती है उस दिन घाघी नाला में बाढ़ के डर से अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं। इस संबंध में जब ग्रामीणों से बात की गई तो बताया गया कि घाघी नाला को जिस स्थान से पार करके राहगीर घाघीटोला गांव में एवं घाघीटोला स्कूल में पहुंचते हैं उस स्थान पर सरपंच-सचिव गिट्टी भी नहीं गिरवा व बिछवा रहे हैं। जिससे की नाले में रास्ते की गहराई कम हो जाए और ग्रामीण आसानी से घाघीनाला को पार कर सकें। ग्राम पंचायत साजापानी के गरीब आदिवासी जनता ने इस समस्या की ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

जन प्रयास फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

सिंगरौली। रक्तदान के क्षेत्र में सेवा कार्य कर रही मानव सेवा संस्था जन प्रयास फाउन्डेशन द्वारा 15 सितंबर 2024 को मिश्रा पॉली क्लीनिक एंड नर्सिंग होम बैढ़न में रक्तदान शिविर का आयोजन कर स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

उक्त रक्तदान शिविर के संबंध में बैठक का आयोजन कर रूप रेखा तैयार कर ली गई है, जिसमंश जन प्रयास फाउन्डेशन अध्यक्ष शिवेंद्र पाण्डेय द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा सम्पूर्ण भारत में कही भी किसी व्यक्ति को अगर रक्त की आवश्यकता होती है तो जन प्रयास फाउन्डेशन के सदस्य उस स्थान पर पहुंच कर स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण देते हैं।जन प्रयास फाउन्डेशन के स्थापना दिवस पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मिश्रा पॉली क्लीनिक एंड नर्सिंग होम में किया जाएगा।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक की त्वरित कार्यवाही

बलात्कार के आरोपी को महिला थाना पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर किया गिरफ्तार

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के कुशल निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा जिला सिंगरौली, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के कुशल मार्गदर्शन में महिला थाना प्रभारी उप.निरीक्षक श्रीमती प्रियंका शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम को बलात्कार के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की सफलता मिली है ।

जानकारी मे बताया गया की बीते 27 अगस्त को एक महिला जनसुनवाई के दौरान शिकायत लेकर उपस्थित हुई महिला ने बताया, कि पुष्पराज साकेत पिता राजेश साकेत निवासी बंधा जिला सिंगरौली का कई बार पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया है। पीड़िता ने कई बार कहा कि तुम मुझसे शादी क्यों नही कर रहे हो किन्तु आरोपी लगातार पीड़िता से अवैध रूप से शारीरिक सम्बंध बनाता रहा किन्तु शादी नही किया। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तुरंत ही कार्यवाही करते हुए महिला थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया जिस पर बीते 27 अगस्त को प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी पुष्पराज साकेत पिता राजेश साकेत को प्रकरण पंजबीद्ध होने के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त करने माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त होने पश्चात जिला जेल पचौर मे सुपुर्द किया गया । उक्त कार्यवाही मे महिला थाना प्रभारी उपनिरी. श्रीमती प्रियंका शर्मा, प्र.आर. नातीलाल बागरी, अखिलेश रावत, सतीष बागरी, म.प्र. आर.रानी सिंह, बेलाकली सिंह, योगेंद्र मिश्रा प्रताप सिंह की महत्तवपूर्ण भूमिका रही ।

हिंडालको महान के शीर्ष प्रबंधन व भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों ने अमरावती की पुण्यतिथि पर किया वृक्षारोपण

सिंगरौली। बड़ोखर ग्राम में अमरावती जी के बलिदान दिवस के अवसर पर हिंडालको महान और भारतीय मजदूर संघ महान के संयुक्त तत्वावधान में हिंडालको महान के राम पथ वाटिका व बड़ोखर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ महान के अध्यक्ष लखपति साकेत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और श्रमिकों के अधिकारों के बीच के संबंध को समझाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि अमरावती जी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था, और उनकी स्मृति में इस दिवस को मनाया जाता है ताकि श्रमिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा सके और उनके अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी महत्व दिया जा सके। कार्यक्रम में हिंडालको महान के इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, स्मेल्टर हेड एस. शशि कुमार और सी.एस.आर. प्रमुख संजय सिंह ने वृक्षारोपण कर भारतीय मजदूर संघ के इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री बैनी प्रसाद वैस, संगठन मंत्री रामनरेश भारती, उपाध्यक्ष कमलेश साहू, कोषाध्यक्ष बबलू साकेत, मंत्री अनिल गिरी, उपाध्यक्ष सुनील पटेल, विनय मिश्रा, रजनी रंजन, अवधेश व्यास, कार्य समिति सदस्य राजकिशोर, मंत्री दिलीप कुमार सोनी, कार्यालय मंत्री रामलाल साकेत, मंत्री बीरबल यादव, सदस्य सोनू, मंत्री तुलसी साकेत, सदस्य अशोक दुबे, सदस्य उमेश गुप्ता, सदस्य अमित मिश्रा, सदस्य मनोज यादव, सदस्य अशोक यादव, सदस्य शिवम पटेल, सदस्य त्रिलोकी साकेत, सदस्य उग्रसेन साकेत, सदस्य वन साहू, सदस्य मोहंती, सदस्य रामसूरत साकेत, सदस्य नंदलाल साकेत, सदस्य रमाशंकर बैश्य, सदस्य मोतीलाल यादव, सदस्य प्रवीण तंवर, और सदस्य श्रवण पांडे और योगेंद्र पाल सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

कचरा प्रबंधन की बारीकियों से रूबरू हुए काइट्स राइज के छात्र

शहर के कचरे का निष्पादन की प्रक्रिया को करीब से देख कर हुए उत्साहित

सिंगरौली। स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत शहर के नागरिकों को कचरा प्रबंधन की बारीकियों और निष्पादन की प्रक्रिया से अवगत करवाने के लिए स्कूली छात्रों को आईएसडब्ल्यूएम प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण करवाया जा रहा है जिसके तहत काइट्स राइज स्कूल के छात्र और शिक्षको ने सहभागिता की। असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर विनय पांडेय और आईईसी मैनेजर आशीष शुक्ला द्वारा छात्रों को प्रोसेसिंग प्लांट में मौजूद सभी यूनिट के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया और शहर के कचरे के प्रबंधन के लिए अपनाए जा रहे उपायों को पटल पर रखा गया जिसमे प्रमुख रूप से गीले कचरे का प्रसंस्करण , सूखे कचरे का प्रसंस्करण, सैनेट्री और घरेलू खतरनाक अपशिष्ट का प्रसंस्करण ,प्राइमरी और सेकेंडरी कचरे का संग्रहण और परिवहन,कचरे के पुन: उपयोग और राजस्व प्राप्ति के उपाय,इनर्ट और आरडीएफ के निष्पादन के उपायों के बारे में बताया गया।स्रोत पृथक्करण पर विशेष सत्र सिटाडेल के सभागार में रखा गया जिसमे घर में कचरे को अलग अलग देने की आवश्यकता, दो डस्टबिन की अनिवार्यता इत्यादि पर जागरूकता की गई जिसमे सभी उपस्थित को अपने घर से इसकी शुरुआत करने के लिए अपील किया गया।

एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा कहानी सत्र का किया गया आयोजन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा 25 अगस्त 2024 को वरिष्ठ प्रबंधक (ओ एंड एम-सिविल) श्रीमती मालविका अवस्थी के नेतृत्व में 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए एक आकर्षक कहानी सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक ऊर्जावान समूह नृत्य सत्र के साथ हुई, जिससे वातावरण उत्साहित बच्चों की हर्षित हँसी से भर गया। इसके बाद श्रीमती अवस्थी ने अपने युवा दर्शकों को राक्षस भस्मासुर की एक पौराणिक कहानी सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया एवं उन्हें प्राचीन काल में ले जाकर उनकी कल्पनाओं को जगाया।

समाजसेवी प्रेम सिंह ने रेल ठहराव व चलाने को लेकर सीधी सांसद को सौंपा मांग पत्र

सिंगरौली। समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी ने आम जनमानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरई मे एक मांग पत्र रेल सुविधा के लिए सीधी सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा को सौंपा हैं। इस पत्र में भाटी ने क्षेत्रीय रेलवे सुविधाओं की वर्तमान स्थिति की गंभीरता से समीक्षा की और नागरिकों द्वारा सामना की जा रही समस्याओं को उजागर किया। भाटी ने मांग पत्र के माध्यम से मांग की है कि ट्रेन संख्या 19607 मदार एक्सप्रेस, 19608 कोलकाता एक्सप्रेस साप्ताहित ट्रेने है, इस ट्रेन का ठहराव सरई ग्राम स्टेशन में होने से कोटा कोचिंग हेतु जाने वाले विद्यार्थियों को आने जाने में सुविधा होगी। ट्रेन संख्या 19413 / 19414 अहमदाबाद कोलकाता साप्ताहित, ट्रेन संख्या 1810 / 1809 अजमेर संतरागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 13025 /13026 भोपाल हावड़ा एक्सप्रेस,ट्रेन संख्या 12188 जो गरीब रथ लोकमान्य तिलक टर्मिनल से चलकर सुबह जबलपुर 05.15 मिनट पर पहुंचकर दिन भर खड़ी रहती है इसको बरगवां स्टेशन तक लाये जाने से यहा कि जनता व व्यापारी बंधुओं को मुम्बई के लिये सीधी रेल सुविधा प्राप्त होगी, ट्रेन संख्या 15159 अमरावती से चलकर जबलपुर सुबह 05.50 मिनट बजे पहुंचकर दिन भर खड़ी रहती है इसको यदि बरगवां स्टेशन तक लाया जाये तो इस क्षेत्र को नागपुर तक का जुड़ाव या आने जाने की सुविधा होगी, कोराना काल से बंद कटनी चोपन पैसेन्जर को फिर से सुरु होने से आम जन मानस को आने जाने में सुविधा होगी। भाटी ने सांसद से आग्रह किया कि वे इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लें और त्वरित समाधान के लिए रेलवे विभाग से बातचीत करें। उनका उद्देश्य यह है कि स्थानीय लोगों को बेहतर रेल सुविधा मिले और यात्रा की समस्याएँ समाप्त हों, जिससे आम जनता की जीवन गुणवत्ता में सुधार हो सके। जिसके बाद सांसद ने समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी को आश्वासन दिया हैं कि कटनी चोपन पैसेन्जर ट्रेन को जल्द शुरू कराया जाएगा एवं अन्य ट्रेनों को लेकर रेल मंत्री से मिलकर चर्चा की जाएगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली जिला सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/ 798/राजस्व/2024 सिंगरौली दिनांक 22/08/2024

सार्वजनिक इश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के नवजीवन बिहार जोन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 तहसील व जिला सिंगरौली (म.प्र.) में शिवाजी काम्पलेक्स आवासीय फलैट क्रमांक 21 साईज 498 वर्गफिट श्री विनीत कुमार तनय स्व. श्री श्यानकार्तिक निवासी नवजीवन बिहार पो. विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली (म.प्र.) के नाम से आवंटित है। लीजग्रहिता फलैट क्रमांक 21 का नामान्तरण श्री अरविन्द राज वर्मा तनय श्री गोरेलाल वर्मा निवासी हर्रई पश्चिम पो. बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली (म.प्र.) के नाम से कराने हेतु लीज डीड का पंजीयन दिनांक 18.07.2024 को उप पंजीयक कार्यालय बैढ़न में निष्पादित करा दिया गया है। नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त फलैट क्रमांक 21 साईज 498 वर्गफिट का नामान्तरण श्री अरविन्द राज वर्मा तनय श्री गोरेलाल वर्मा निवासी हर्रई पश्चिम पो. बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली (म.प्र.) के नाम से किये जाने हेतु सार्वजनिक इश्तहार के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर निगम कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधि मान्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी (राजस्व)
उप कार्यालय नवजीवन बिहार
नगर पालिक निगम सिंगरौली

नि:शक्तता प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करें : सांसद

आगामी चलित न्यायालय एवं दिव्यांगजन सहायता शिविर की व्यवस्थाओं पर चर्चा एवं एडवोकेसी बैठक आयोजित

सीधी। आगामी चलित न्यायालय एवं दिव्यांगजन सहायता शिविर की व्यवस्थाओं पर चर्चा एवं एडवोकेसी बैठक में सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने दिव्यांगजनों के चिन्हांकन के लिए तथा उनके नि:शक्तता प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविरों के आयोजन के लिए निर्देशित किया। सांसद ने कहा कि कोई भी दिव्यांग शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। दिव्यांगजनों से संबंधित सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे लोगों को इसके संबंध में किसी भी प्रकार का भटकाव नहीं हो। दिव्यांगजनों को सभी सहायक उपकरणों की उपलब्धता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित हो।

आयुक्त नि:शक्तजन कल्याण मध्यप्रदेश श्री संदीप रजक ने कहा कि दिव्यांगजनों के हितार्थ शासन द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं की सफलता

जिले के शत प्रतिशत दिव्यांगजनों का चिन्हांकन प्राथमिकता से करें : आयुक्त

के लिए आवश्यक है कि जिले के शतप्रतिशत दिव्यांगजनों का चिन्हांकन प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि पूर्व में केवल सात प्रकार की अक्षमता को ही दिव्यांगता में शामिल किया गया था। लेकिन अब मेडीकल शारीरिक अक्षमताओं को भी मिलाकर कुल 21 प्रकार की डिसेबिलिटी को दिव्यांगता में शामिल किया गया है। इनमें सिकल सेल एनीमिया, स्पीच एंड लैंग्वेज डिसेबिलिटी, लोविजन, डवारफिज्म, मेंटल इलनेस, हियरिंग इम्पेयर मेट, थैलेसिमिया, हीमोफीलिया भी शामिल है। जिले में दिव्यांगजनों की संख्या 15 हजार को जनसंख्या के अनुपात में कम बताते हुए आयुक्त नि:शक्तजन ने कहा कि दिव्यांगता के 21 प्रकारों का व्यापक प्रचार-प्रसार करायें, ताकि लोगों में जागरूकता आए। शासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, चिकित्सालयों, शैक्षणिक संस्थाओं में बोर्ड लगाकर प्रचार-प्रसार करें। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों को भी उक्त के विषय में जागरूक कर उनके संवेदीकरण की आवश्यकता है।

आयुक्त नि:शक्तजन कल्याण ने कहा कि दिव्यांगजनों के शतप्रतिशत नि:शक्तता प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिले में अभियान चलाएं। इस दौरान जिला चिकित्सालय में सप्ताह में दो दिवस मंगलवार एवं शुक्रवार को मेडिकल बोर्ड की सुविधा रहे। साथ ही आवश्यकतानुसार विकासखंड स्तर पर भी शिविरों का आयोजन करें। उन्होंने सभी यात्री बसों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित सीट तथा किराया में छूट के संबंध में जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार दिव्यांगजनों के लिए स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों में एलडीएम निगरानी रखें। यह सुनिश्चित करें कि अनावश्यक कारणों से ऋण प्रकरण निरस्त नहीं हों।

आयुक्त नि:शक्तजन ने जिले में स्कूल, अस्पताल सहित पीआईयू लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जाने वाले सभी बड़े भवनों में दिव्यांगजनों को बाधा रहित आवागमन के लिए रैम्प की सुविधा की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत सभी भवनों में रैम्प का निर्माण अनिवार्य है। यदि किसी भवन में रैम्प नहीं बना है तो निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी कर रैम्प का निर्माण कराये। भवनों में बनाए जाने वाले रैम्प में निर्धारित मानकों का भी पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि पुराने भवनों में लिफ्ट एवं रैम्प के निर्माण के लिए प्रावधान है उक्त के संबंध में इस्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करें। आयुक्त नि:शक्तजन ने योजनाओं के क्रियान्वयन में स्वयंसेवी संस्थाओं सहभागी बनाने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री सोमवंशी ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में सेचुरेशन के लिए जिले में माह जून-जुलाई में शून्य शक्ति अभियान चलाया गया था। इस अभियान के दौरान जिले में 3187 नए हितग्राहियों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत किए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि माह सितंबर में जिले में शून्य शक्ति अभियान 2.0 संचालित किया जाएगा जिसमें दिव्यांगजनों से संबंधित योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन किया जाएगा जिससे कोई भी दिव्यांग शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए अभिनव पहल

ट्यूनिंग आफ स्कूल से पढ़ाई में स्मार्ट बनेंगें सरकारी स्कूल के विद्यार्थी

सीधी। हमारे विद्यार्थी जिस विद्यालय में अध्ययनरत है वे अपने आस-पास के अन्य शासकीयध्निजी और सार्वजनिक स्कूलों सहित सभी स्कूलों के बीच परस्पर सहयोग और सकारात्मक तालमेल बढ़ाने के लिये परस्पर संबंध कर सके उसके साथ विभिन्न सांस्कृति , साहित्यिक, खेलकूद आदि आयोजनों में सहभागिता कर सके तथा वहां के विद्यार्थियों को अपने साथ अपने विद्यालय में भी विभिन्न स्तरों पर सहभागिता के अवसर उपलब्ध करा सके। इस दृष्टि से जिले के प्रति विकास खण्ड के 4 विद्यालय कुल 20 चयनित विद्यालयों में योजना का क्रियान्वयन किया जाना है। कुसमी ब्लाक में मॉडल स्कूल कुसमी के साथ जूरी, पोड़ी बस्तुआ के साथ लुरघुटी, मझौली में टिकरी के साथ महखोर, पथरौला के साथ खडौरा, रामपुर नैकिन ब्लाक में सी.एम.राईज रामपुर नैकिन के साथ कन्या रामपुर नैकिन, बागढ के साथ अमिलई, सीधी ब्लाक में उपनी के साथ कुचवाही, पनवार के साथ बंजारी और सिहावल ब्लाक में खुटेली के साथ नकझरकला, सपही के साथ पोखरा स्कूल को जोड़ा गया है। डॉ सुजीत कुमार मिश्रा, एपीसी रमसा ने जानकारी देकर बताया कि यह विद्यालय आपस में पाठ्यक्रम, शैक्षणिक गतिगतिविधियाँ, खेलकूद कार्यक्रम, वार्षिक कार्यक्रम, शैक्षणिक भ्रमण, कैरियर सम्बंधी गतिविधियों की भागीदारी, विद्यालय की संस्कृति, परिवेश, शिक्षण का ढंग, उपलब्ध सुविधायें आदि को जानने एवं नया सीखने का अवसर मिल सके, इसके अतिरिक्त एक-दूसरे के विद्यालय में खेलकूद, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक आयोजन, संवाद आदि में सहभागिता कराये जाने के अवसर भी उपलब्ध कराये जा सकते है। यह विद्यालय एक दूसरे की आवश्यकताओं को अनुभव कर उसकी पूर्ति हेतु प्रयास कर सके तथा एक दूसरे के विद्यार्थियों को अपने यहां आयोजित होने वाली गतिविधियों में सहभागिता के अवसर उपलब्ध करा सकें। सहयोगी स्कूल एवं सहभागी स्कूल के बीच अकादमिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के संचालन को साझा करना, ज्ञान साझा करते हुए शिक्षको और छात्रों की दक्षता में वृद्धि करना, छात्रों को पीयर-टू-पीयर और ग्रुप लर्निंग के साथ व्यावहारिक रूप से सीखने में सक्षम बनाना, दोनो सहयोगी स्कूलों द्वारा एक दूसरे की सर्वोत्तम गतिविधियों को अपनाना, शिक्षण को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाने के अवसर प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है।

ओपेन नेशनल ताईक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते तीन स्वर्ण पदक

सीधी। इंदौर के बड़ा नेहरू स्टेडियम में 23 से 25 अगस्त आयोजित हुई नेशनल ताईक्वांडो प्रतियोगिता में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, सीधी द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला हायर सेकेंडरी स्कूल, सीधी के छात्रों ने विभिन्न किलो भार वर्गों में प्रतिभाग किया और स्वर्ण पदक, रजत पदक तथा कांस्य पदक प्राप्त किया। आभाष सिंह स्वर्ण पदक, आयुष्मान पाण्डेय स्वर्ण पदक, मो. यासीन स्वर्ण पदक, सौरभ सिंह रजत पदक, शिवम कुशवाहा रजत पदक, तथा आयुष सिंह को कांस्य पदक से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विक्रम पुरुस्कार से सम्मानित श्री वीरेंद्र पवार जी ने खिलाड़ियों को पदक से पुरस्कृत किया और बच्चों की सफलता के लिए एवं खेलो इंडिया में सामिल होने के लिए जोश भरा। अभिभावकों ने कहा कि बच्चों की इस सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार के साथ-साथ उनके प्रशिक्षक विद्यालय के खेल शिक्षक एवं ताईक्वांडो कोच प्रकाश प्रजापति को जाता है जिनके कठिन परिश्रम और कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने गांव, समाज और जनपद का नाम रोशन किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी जगदीश सिंह व रामपुर नैकिन ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी शिवेंद्र सिंह एवं विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया तथा विद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार पाण्डेय ने बच्चों के उत्साहवर्धन में कहा कि सभी छात्र निरंतर इसी तरह आगे प्रगति करते रहें और उत्तरोत्तर विकास में लग रहें। शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद भी जरूरी है। विद्यालय के प्राचार्य ने अभिभावकों के सहयोग और विद्यालय के प्रति विश्वास की भी सराहना की। विद्यालय के छात्रों ने इससे पूर्व भी कई बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिओं में भाग लिया है और विजेता भी रहे हैं।

विकलांगता निवारण और चिकित्सा पुनर्वास केन्द्र का हुआ शुभारंभ

सीधी। जिले में बुधवार को विकलांगता निवारण और चिकित्सा पुनर्वास केन्द्र का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई जे गुप्ता द्वारा जिला चिकित्सालय फिजियोथेरापी यूनिट में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सबसे पहले महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर डीपीएमआर कॉर्नर का शुभारंभ किया गया।

सिविल सर्जन मुख्य अस्पताल सह अधीक्षक डॉ दीपारानी ने कहा कि कुष्ठ रोग आसानी से पहचाने जाने एवं ठीक होने वाला बीमारी है। अस्पताल में डीपीएमआर

कॉर्नर खुलने से विकृत ग्रेड 1 और ग्रेड 2 कुष्ठ रोगियों को जल तेल उपचार एक्सरसाइज की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी ।

जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ नागेंद्र बिहारी दुबे द्वारा बताया गया कि उपलब्ध कर्मचारी, संसाधन के अनुसार एवं शासन निर्देशानुसार कुष्ठ रोगी खोजने का कार्य लगातार किया जा रहा है जैसे एफएलसी, एसडीआर , पेप , फॉलोअप और हेल्थी कॉन्टेंट आदि।

एमएमएस शेषमणि त्रिपाठी द्वारा कुष्ठ रोग के विषय में जानकारी दी गई। कुष्ठ रोग एक बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है या छुआछूत की बीमारी नहीं है। इस रोग की शुरुआत में पहचान करवाई जाए एवं पूर्ण उपचार तो पूर्ण रूप से ठीक हो सकते है ।

रजनीश तिवारी ने कुष्ठ रोग पहचान के बारे में बताया कि चमड़ी पर चमड़ी के रंग से फीका दाग धब्बे, जिसमें सुन्नपन ,सूखापन, पसीना ना आना ,खुजली, जलन चुभन ना होना , हाथ पैर में सुन्नपन ,कमजोरी ,चेहरे पर तेलीय चमक , भाउ के बाल झड़ जाना, कान पर सूजन ,गांठ का होना कुष्ठ रोग के लक्षण है। एमडीटी कुष्ठ रोग की शर्तिया इलाज है जो पीबी रोग के लिए 6 माह और एमबी रोग को 12 माह तक दवा चलती है जो सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों में निरूशुल्क मिलती हैं

तेजस्वानी उईके द्वारा बताया गया कि डीपीएमआर कॉर्नर के अंतर्गत आने वाले कुष्ठ रोगियों को विकलांगता से बचाव और सुरक्षा के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य शिक्षा कुष्ठ रोगियों को एमसीआर, सेल्फ केयर एवं जल तेल का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा । अयोजन में कुष्ठ कार्यकर्ता एवं समस्त कर्मचारी और ग्रेड 2 कुष्ठ रोगी उपस्थित रहे ।

पीएम जनमन अभियान के आईईसी कैम्पेनिंग के तहत प्रचार रथ रवाना

सांसद डॉ राजेश मिश्रा तथा आयुक्त नि:शक्तजन कल्याण संदीप रजक ने दिखाई हरी झंडी

सीधी। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान आई.ई.सी. कैम्पेनिंग के तहत सांसद डॉ राजेश मिश्रा, आयुक्त नि:शक्तजन कल्याण श्री संदीप रजक तथा कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पी.एम.जनमन रथ 05 पी.व्ही.टी.जी. आदर्श ग्रामों (करवाही, पॉड, टंसार, कठार एवं बारी कोठार) के साथ पी.व्ही.टी.जी. बैगा बाहुल्य ग्रामों का भ्रमण करेगा।

देश के 18 राज्यों की 75 विशेष पिछडी जनजाति के लिये अद्योसंरचनात्मक विकास एवं सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने हेतु यह योजना क्रियान्वित की गई है। सीधी जिले में विशेष पिछडी जनजाति बैगा जनजाति है जो 05 विकासखंडों के 174 ग्रामों में निवासरत हैं जिनकी जनसंख्या 33752 है। योजना अन्तर्गत 09 विभागों की 11 सेवाओं को सम्मिलित किया गया है जिसमें सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गॉव गॉव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिए हास्टल, कौशल विकास, दूर दराज गॉवों तक मोबाईल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूर दराज गॉवों तक मोबाईल नेटवर्क इसके अतिरिक्त हितग्राही मूलक योजनाओं में आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पी.एम.किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं में शत प्रतिशत लाभान्वित किया जाना है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुश्री पूजा सिंह कुशराम, अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी श्री राजेश शाही के अतिरिक्त विभागीय अधिकारी सहायक आयुक्त डॉ.डी.के.द्विवेदी

आवारा मवेशी के नियंत्रण हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय समिति गठित

सीधी। म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश दिनांक 16.08.2024 के परिपालन में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर सीधी जिले के प्रमुख मार्गों पर 15 दिवस का विशेष अभियान चलाकर आवारा मवेशी के नियंत्रण हेतु जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर समिति गठित की गई है।

जारी आदेशानुसार जिला स्तरीय समिति के कलेक्टर सीधी अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक जिला सीधी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला सीधी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जिला सीधी समिति से सदस्य होंगे तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जिला सीधी समिति के सदस्य सचिव एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला सीधी सदस्य सहसचिव होंगे।

विकासखण्ड स्तरीय समिति के अनुविभागीय दण्डाधिकारी समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवाध्लोक निर्माण विभाग समिति के सदस्य होंगें तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत सदस्य सचिव एवं विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी सदस्य सहसचिव होंगे। जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय समिति समस्त प्रमुख मार्गों के आवारा पशुओं के निकटस्थ गौशालाओं में व्यवस्थापन हेतु उत्तरदायी होगी।

राज्य परिवहन निगम की वस चालू करने के लिए भाकपा का आंदोलन 30 अगस्त को

सीधी। भारतीय कम्यूनिस्ट मप्र द्वारा मप्र सरकार से मांग की है कि प्रदेश के अंदर राज्य परिवहन निगम की वस पुन: चलाईं जाय!इस समस्या को लेकर भाकपा 30 अगस्त को पूरे प्रदेश में आंदोलन करने का निश्चय किया है! भाकपा राज्य परिषद सदस्य कामरेड आनंद पांडेय ने मप्र रेल सेवाओं में अत्यंत पिछड़ा हुआ है वहुत से जिले रेल सेवा से वंचित है !रेल विभाग ने कुछ सालों में सुनियोजित तरीके से सस्ती टिकट वाली पैसेंजर ट्रेन य तो वंद कर दिया यह उन्हें महंगे किराये वाली एक्सप्रेस ट्रेन में बदल दिया और एक्सप्रेस ट्रेन में जनरल और स्लीपर कोच लगातार घंटा कर आम आदमी की पहुंच से दूर किये है! दूरस्थ ग्रामीण आम जनता यातायात के लिए पूरी तरह निजी वस सेवा पर निर्भर है! जिसमें मनमर्जी से किराया वसूला जाता है,वो मे लोग जान जोखिम में डालकर कर चलते हैं!और इन गाड़ियों का कोई फिटनेस भी नहीं होता और न देखभाल! यात्रियों को वसो में जानवर की तरह ठूंसा जाता है, आयें दिन ये वसे दुर्घटना की शिकार होकर निरीह यात्रियों की जान लेती रहती है !इन गाड़ियों को चलाने अप्रशिक्षित और विना लायसेंस वाले ड्राइवर, नशे में धुत्त होते हैं और यात्रियों की जान से खिलवाड़ करते हैं! वस कर्मचारी यात्रियों से दुर्व्यवहार करते हैं! इन्हीं समस्यायों को लेकर दिनांक 30अगसत को वीथिका भवन सीधी में 11 वजे से आंदोलन किया जाएगा! समस्त साथियों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित रहे।

माह अगस्त का खाद्यान्न 31 अगस्त के पूर्व अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें

सीधी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 12.08.2024 द्वारा आईएफएसए 2023 अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों एवं प्रतिमाह वितरण खाद्यान्न के डाटा का मिलान हेतु मैपर्स रिपोर्ट की संशोधित स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजन निर्धारित की गई है जिसके अनुसार आवंटन माह 01 से 30 तारीख तक पात्र परिवारों को खाद्यान्न वितरण की समय-सीमा निर्धारित की गई है। जिले के सभी पात्र हितग्राही जिन्होने आज दिनांक तक माह अगस्त 2024 का खाद्यान्न नहीं लिया है वे दिनांक 31.08.2024 तक आवश्यक रूप से उचित मूल्य दुकानों से बायोमेट्रिक के माध्यम से राशन प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस सेमरिया प्रखण्ड मे संपन्न

सीधी। विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कठौली ग्राम पंचायत सर्व प्रथम भगवान राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और स्वतिवचन कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता राम करण कोल, मुख्या वक्ता रवि राय बहादुर सिंह, विशिष्ठ अतिथि राज कुमार पाण्डेय जिला सह कोषाध्यक्ष, मंच संचालन जिला मंत्री अनिल कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

राज कुमार पाण्डेय ने प्रस्थापना में कहा विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना 1964 में हुई। इसके संस्थापकों में स्वामी चिन्मयानंद, एसएस आपटे, मास्टर तारा सिंह थे। पहली बार 21 मई 1964 में मुंबई के संदीपनी साधना शाला में एक सम्मेलन हुआ। सम्मेलन आरएसएस सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने बुलाई थी। इस सम्मेलन में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के कई प्रतिनिधि मौजूद थे। सम्मेलन में गोलवलकर ने कहा कि भारत के सभी मताबलंवियों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिंदू, हिन्दुस्तानियों के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है और यह धर्मों से ऊपर है। मुख्य वक्ता रवि राय बहादुर सिंह ने कहा सम्मेलन में तय हुआ कि प्रस्तावित संगठन का नाम विश्व हिंदू परिषद् होगा। 1966 के प्रयाग के कुंभ मेले में एक विश्व सम्मेलन के साथ ही इस संगठन का स्वरूप सामने आया। आगे यह फैसला किया गया कि यह गैर-राजनीतिक संगठन होगा और राजनीतिक पार्टी का अधिकारी विश्व हिंदू परिषद का अधिकारी नहीं होगा। संगठन के उद्देश्य और लक्ष्य कुछ इस तरह तय किए गए हिंदू समाज को मजबूत करना। हिंदू जीवन दर्शन और आध्यात्म की रक्षा, संवर्द्धन और प्रचार विदेशों में रहने वाले हिंदुओं से तालमेल रखना, हिंदू और हिंदुत्व की रक्षा के लिए उन्हें संगठित करना और मदद करना है। सरसिज सिंह ने आभार प्रकट किया गया।

हमारा लक्ष्य नौकरी पाना नहीं देश निर्माण हो: रामनरेश

सीधी। स्वदेशी जागरण मंच अभियान के द्वारा आज विद्यालय में स्वावलंबी भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीधी के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ0 अनूप मिश्रा, अध्यक्ष रामनरेश शुक्ला स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक, प्रमोद कुमार मिश्रा एडवोकेट सहसंयोजक एवं प्राचार्य राजकुमार सिंह रहे। राम नरेश ने कहा कि हमारा लक्ष्य नौकरी पाना नहीं, बल्कि देश निर्माण होना चाहिए। हमें नौकरी ढूंढने वाला नहीं, देने वाला बनना चाहिए। स्वावलंबन की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार प्रशिक्षण में रूपये 8500/- प्रतिमाह ट्रेनिंग समय में देती है और प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देता है। हमें पढ़ाई पूरी तन्मयता पूर्वक करें, लेकिन इसके साथ कोई न कोई व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करें, जो कि किसी भी दृष्टिकोण से नुकसानदायक नहीं है। इसके अलावा हमें हमेशा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। हम नौकर नहीं मालिक बनें। प्राचार्य जी ने कहा कि सीधी में बहुत से ऐसे उदाहरण हैं जो नौकरी से त्यागपत्र देकर अपना व्यवसाय स्थापित किए हैं और अन्य लोगों को नौकरी दे रहे हैं। पहले जो किसानी के सामान गांव में जिस दर पर मिलते थे, वही अब बाजार में तीन गुना कीमत पर मिलने लगा है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था चौपट हुई है तथा ग्रामीण रोजगार प्रभावित हुआ है। डॉ अनूप मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल में जाति का नहीं, बल्कि कार्य का बंटवारा था। जितने बाहर से आक्रांता आए, तो उन्होंने हमें बांटने का कार्य किया। स्वालंबन सरकार के नहीं अपितु हमारा खुद का निर्णय होना चाहिए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं भैया-बहनों की उपस्थिति सराहनीय रही।

संपादकीय

संपादकीय

सेल्फी का शौक है जानलेवा

तकनीक के विकास के साथ-साथ लोगों की सोच और व्यवहार में बदलाव आना स्वाभाविक है, लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि इसके नतीजे सकारात्मक हों। यह देखने में आया है कि लोगों के बीच सोशल मीडिया के आभासी जगत में रातों-रात लोकप्रियता पाने की भूख लगातार बढ़ रही है। स्मार्ट फोन के कैमरे से हर थोड़ी देर में सेल्फी लेना और रील (कम अवधि के छोटे वीडियो) बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का शौक किशोरों और युवाओं पर इस कदर हावी हो रहा है कि वे इसके लिए अपनी जिंदगी को भी दांव पर लगा देते हैं। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सेल्फी लेने के चक्कर में तीन विद्यार्थियों के गंगा के तेज बहाव में बह जाने की घटना बेहद दुखद है। इनमें एक छात्रा और उसके दो दोस्त शामिल थे, जो बिहार के पटना से वहां घूमने गए थे। सेल्फी लेने या रील बनाने के दौरान हादसे में मौत की खबरें आए दिन आती रहती हैं। कई बार इस तरह की हरकतों के दौरान वहां से गुजर रहे अन्य लोगों को भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। मगर सोचने की बात यह है कि लोग ऐसी घटनाओं से सबक क्यों नहीं लेते हैं! सोशल मीडिया पर सेल्फी और रील के जरिए चंद लोगों की वाहवाही बटोरने के लिए अपने साथ-साथ अन्य लोगों की जान को खतरे में डालना वास्तव में गंभीर मसला है। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) के विद्यार्थियों की ओर से किए गए एक अध्ययन के मुताबिक, सेल्फी लेने के दौरान दुनिया में होने वाली मौतों के मामले में भारत पहले स्थान पर है। किशोरों और युवाओं में बढ़ती जोखिम भरी प्रवृत्ति पर नियंत्रण पाने के लिए उनके अभिभावकों की भूमिका अहम है। परिजनों को अपने बच्चों को यह समझाना होगा कि उनकी जिंदगी परिवार वालों के लिए सेल्फी और सोशल मीडिया से ज्यादा जरूरी है। इसके साथ ही शासन और प्रशासन को भी चाहिए कि ऐसे पर्यटन स्थलों पर व्यापक व स्पष्ट तौर पर चेतावनी चस्पां की जाए, जहां सेल्फी लेना जोखिम भरा हो सकता है। सार्वजनिक स्थलों पर नियमों को ताक पर रखकर सेल्फी लेने और रील बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जानी चाहिए। वैसे शौक को उचित नहीं कहा जा सकता, जो किशोरों और युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा हो।

इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने आबादी पर पूरी बात क्यों नहीं कही

(सुदीप ठाकुर)

इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी के दीक्षांत समारोह में देश की बढ़ती आबादी को लेकर हाल ही में चिंता जताई। मूर्ति ने कहा कि इमरजेंसी के दौर के बाद आबादी की समस्या पर देश ने ध्यान नहीं दिया। भारत प्रति व्यक्ति जमीन और स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता जैसी आबादी से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। मूर्ति ने इसे 'इमरजेंसी' से न जोड़ा होता, तो अमूमन बढ़ती आबादी को लेकर की गई इस टिप्पणी पर ध्यान नहीं जाता। यह एक तरह से इमरजेंसी के दौर का एक नया पाठ भी है, जिसे देखना दिलचस्प होगा।



आबादी में आगे

2011 के बाद से जनगणना नहीं हुई है, तो आबादी के आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं। इसी 15 अगस्त को देश को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'सबसे बड़ा लोकतंत्र और बहुत से लोगों की राय है कि जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में एक नंबर पर हैं इतना बड़ा देश140 करोड़ का देश।' यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र के इस आकलन की पुष्टि करता है, जिसमें कहा गया था कि 1.42 अरब की आबादी के साथ चीन को भारत पीछे छोड़ देगा। इसमें दो राय नहीं है कि भारत की आबादी 15 अगस्त, 1947 के 34.5 करोड़ के आंकड़े से कम से कम चार गुना हो चुकी है। मूर्ति ने इमरजेंसी के जिस दौर की बात की, तब 1971 की जनगणना के मुताबिक भारत की आबादी 62.35 करोड़ (1975 का आंकड़ा) थी।

अलग विभाग बना

आजादी मिलने के तुरंत बाद, पहली सरकार के समय से ही बढ़ती आबादी को लेकर चिंता जताई गई थी। आजाद भारत की पहली जनगणना 1951 में हुई और उस समय देश की आबादी थी 36 करोड़। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट में शामिल पहली स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर ने बढ़ती आबादी को गंभीरता से लिया था और स्वास्थ्य मंत्रालय में परिवार नियोजन विभाग अलग से जोड़ लिया। इस तरह इस मंत्रालय का पूरा नाम स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मंत्रालय बन गया था।

जागरूकता कार्यक्रम

साफ है, देश की पहली सरकार के कार्यकाल में ही परिवार नियोजन कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हो गई थी। इसमें संयुक्त राष्ट्र के साथ ही अमेरिका के फोर्ड फाउंडेशन और रॉकफेलर फाउंडेशन ने मदद की थी। 1956-57 से परिवार नियोजन कार्यक्रमों को न केवल प्रभावी तरीके से लागू किया गया, बल्कि कोयला खदानों से लेकर रेलवे स्टेशनों तक में मुफ्त में निरोध का वितरण किया जा रहा था।

इमरजेंसी की भूल

बढ़ती आबादी के बावजूद परिवार नियोजन को लेकर सरकारी कार्यक्रम में तेजी आई थी और 1970 के दशक तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। इंदिरा गांधी ने जब 25 जून, 1975 को इमरजेंसी लगाई, तब भी परिवार नियोजन सुचारू रूप से चल रहा था। 1976 की शुरुआत में आई नई जनसंख्या नीति में बढ़ती आबादी पर चिंता जताई गई और बताया गया कि 1 जनवरी, 1976 को देश की आबादी ने 60 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। मुश्किल तब शुरू हुई, जब इंदिरा के छोटे बेटे संजय गांधी ने अपने पांच सूत्री कार्यक्रम में जनसंख्या नियंत्रण को भी जोड़ लिया। इसने एकदम से सरकार की प्राथमिकताओं के साथ ही राजनीतिक कथानक को बदल दिया।

नकारात्मक असर

मार्च, 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी और कांग्रेस की पराजय में इमरजेंसी के दौरान जबरिया नसबंदी का उत्पीड़न एक बड़ा कारण था। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के दिल्ली स्थित संवाददाता लुइस एम साइमन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा, 'इमरजेंसी के बाद भारत में परिवार नियोजन, नसबंदी और गर्भनिरोधक- ये सारे शब्द इतने बदनाम हो गए हैं कि नई सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मंत्रालय का नाम बदल कर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय कर दिया है।' जनता पार्टी की सरकार के दौरान जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम ठंडा पड़ गया था।

राजनीति से नुकसान

नारायण मूर्ति ने इमरजेंसी का तो जिक्र किया, लेकिन उसके बाद जनसंख्या नियंत्रण को लेकर नीति और नीयत, दोनों ही स्तरों पर किस तरह की खामियां रही हैं, उस पर नहीं बोले। जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम की राह में एक बड़ी अड़चन इसकी आड़ में की जाने वाली सांप्रदायिक राजनीति भी है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एकाधिक मौकों पर दो बच्चों की नीतियों का समर्थन करने के साथ ही बढ़ती आबादी के लिए परोक्ष रूप से मुस्लिम समुदाय को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने अपनी किताब 'द पॉपुलेशन मिथ -इस्लाम, फैमिली प्लानिंग एंड पॉलिटिक्स इन इंडिया' में इस मिथक को तोड़ने की कोशिश की है।

फायदा उठाएं

सुप्रीम कोर्ट ने जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित कुछ याचिकाओं का निपटारा करते हुए कुछ साल पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि देश में परिवार नियोजन के लिए दो बच्चों को अनिवार्य करने जैसी नीतियां नहीं बनाई जा सकतीं। जरूरत इस बात की है कि देश के संसाधनों के बंटवारे में व्याप्त असमानता खत्म हो। केंद्र और राज्य सरकारें अपने लोगों के प्रति उत्तरदायी बनें और सही मायने में डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ उठाएं। आबादी पर नियंत्रण जागरूकता के जरिये ही आ सकता है। अच्छा यह होता कि नारायण मूर्ति 'आधार' को अमलीजामा पहनाने वाले इंफोसिस के अपने पूर्व सहयोगी नंदन नीलेकणि की तरह असमानता खत्म करने के बारे में टेक्नॉलजी आधारित कोई पहल करते।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

चिंदीगिरी छूटे तो होगी लड़कियों की सेफ्टी

(नमिता जोशी)

सर्किट के साथ अपुन की टोली आज जुहू बीच घूमने निकली। क्या मस्त बारिश वाला मौसम और हवा तो अइसे चल रयेली थी जइसे कोई नॉनस्टॉप रेलगाड़ी। चमन चिरकुट अपनी मस्ती में उदर घूमने आई छोकरी लोग को देख के सीटी मारने लगा। अपुन ने उसको खींच के आगे की तरफ धकेला तो आगे खड़ी तीन लड़की लोग के आसपास अइसे मंडराने लगा जइसे मच्छर कान भिनभिन करता है। पांच मिनट नहीं हुए थे अपुन लोग को बीच पे और ये कम से कम 50 लड़कियों पे अपनी चिरकुट नजर डाल चुका था। उसकी इन हरकतों पर अपुन से ज्यादा गुस्सा सर्किट को आ रयेला था। वो अचानक कुकर की सीटी के माफिक चीख के बोला, चिरकुट अपनी गंदी हरकतें बंद कर दे, वरना आज तेरेकू इदर इच खलास करता मैं। चिरकुट बोला, क्या हो गयेला है? अपुन की मस्ती चल रयेली है तो तेरी बेइज्जती काइकू हो रयेली है?

चिरकुट की चिकचिक सुन के अपुन कू बीच में कूदनाइच पड़ा। काइकू भेजा फ्राई कर रयेला है चिरकुट?? जिदर लड़की देखी उदर उनके आसपास काइकू सैटलाइट के माफिक परिक्रमा कर रयेला है? तेरेकू क्या लगता है, तू इतना हैंडसम है कि अइसे इच फालतू छेड़खानी करेगा और लड़की तेरे पास आ जाएगी शहनाई-बारात लेके। तेरे जइसे लड़कों को अंग्रेजी में परवर्ट बोलते हैं। तभीच हटेला बोल पड़ा, मुन्ना भाई, अब अगर चिरकुट की चिंदीगिरी की बात निकलीइच है तो अपुन भी तुमको एक बात बताता है। ये चिरकुट चाल में आने वाली हर लड़की को अपने फंदे में लपेटने की कोशिश करता है। पहले मासूम बन के लड़की से बात करेगा। वो सोचेगी कि इतना बड़ा उमर का अंकल के माफिक आदमी है तो रिस्पेक्ट के चक्कर में इसको अपना मोबाइल नंबर भी दे देती है।

हटेला क्या बोलता है कि ये चिरकुट उसी दिन से लड़की लोग को वॉट्सऐप पर मेसेज करना चालू कर देता है। कभी जोक्स तो कभी गुड मॉर्निंग वाले मेसेज। लड़की लोग से बोलता है अपनी फैमिली के बारे में बताओ, वो लोग इसको अंकल समझ के सब बताने लगती है फिर ये उनसे उल्टी-सीधी बात चालू कर देता है। इसको लगता है कि लड़की ने अपना नंबर शेयर किया मतलब इसके लिए अवेलेबल है। समझाओ मुन्ना भाई इसको, वरना किसी दिन अक्खा एरिया की लड़की लोग मिलकर इसको इतना मारेंगे कि चिरकुट का चमन उजड़ जाएगा। चिरकुट कू मालूम है कि ये पावर वाला आदमी है, इसलिए ये किसी भी लड़की का कुछ भी बिगाड़ सकता है और बच सकता है। अपुन ने पूछा चिरकुट के पास कौन सी पावर? तो सर्किट बोला, भाई ये हर जगह बोलता है कि ये मुन्ना भाई की कंपनी में है, तुम्हारा नाम सुनके सब लोग खौफ में आ जाते।

सर्किट और हटेले की बात सुनके अपुन का भेजा सटक गया। अपुन बोला, चिरकुट तूने अक्खा मूड का दही कर दिया है, अब अपुन तेरे कू सबक सिखा के रहेगा। अभी अपुन तेरे घर में फोन घुमाता है। उनको बताता है कि उनका भाई और बॉयफ्रेंड कइसा गलत काम करता है। सर्किट बोला, भाई किसको फोन मिला रयेला है। चिरकुट पक्का क्रिमिनल माइंड वाला आदमी है। इसने अपनी गर्लफ्रेंड और सिस्टर को खोली के अंदर बंद कर दिया है।

अपुन ने चिरकुट का कॉलर पकड़ के पूछा, क्यों चिरकुट क्या हरकत है ये? काइकू अपनी सिस्टर और जीएफ को बंद किएला है? वो कॉलर झटक के बोला, भाई घर की लड़कियों को कोई न छेड़े इसके वास्ते अपुन ने उनको खोली में बंद किएला है। जब से कोलकाता रेप और मर्डर हुआ है, तब से उनकी सिक्योरिटी और टाइट कर दी है अपुन ने। चिरकुट का कॉन्फिडेंस देखके अपुन का भेजा घूम गया। सिक्योरिटी की जरूरत लड़की लोग को नहीं है, घर में बंद करके रखने की जरूरत लड़की लोग को नहीं है, बल्कि तेरे जइसे क्रिमिनल लोग को कंट्रोल करने की जरूरत है। तेरे जइसे लोग की अकल ठिकाने आएगी तो लड़की लोग अपने आप सेफ हो जाएगी। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

वर्ग पहेली 5475



संकेत: बाएं से दाएं

1. 2014 को कोइवों मोरालेस दोबारा इस दे के राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. मक्के की एक इमारत जिसे मुस्लिम ईश्वर का घर मानते है (2)
5. हुल्लड़, धमा चौकड़ी (3)
6. अग्नीय, अग्निक (3)
8. हमला, चढ़ाई, धावा, आक्रमण (4)
10. नासमझ, अनुभवहीन सरल (3)
12. मित्र, दोस्त, प्रेमपात्र (3)
15. गुणनफल, अपराध, आदि करने के लिए उपयुक्त अवसर (2)
16. मनोज कुमार-शर्मिला टैगोर अभिनीत 1966 की एक सफल फिल्म (6)
20. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
21. लार, लुआबा (2)
23. पश्चिमी अफ्रीका का देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
24. प्रारंभ, आगाज, कार्य आरंभ (2)

ऊपर से नीचे

1. ज्ञान होना, प्रबुद्ध होना, सूझना (4)
2. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित देश पेरू की यह राजधानी है (2)
3. सम्मिश्रण, सम्मिलन, विलीनन (4)
4. पहले वाराणसी(बनारस) का नाम यह था (2)
6. पुरानी फिल्मों के दिवंगत हास्य अभिनेता (1937-89) निधन 30 अप्रैल 1992 को हुआ (2)
7. अनुसार, काव्य समस्या, कार्यविधि (3)
9. अंतिम अवसर, दशा, संयोग (3)
11. दानवों के गुरू होने के कारण शुक्राचार्य का एक नाम (5)
13. जमीन नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
14. धनराज पिल्लै नाम इस खेल के साथ जुड़ा है (2)
16. पुरूषों के सिर का एक परिधान, पगड़ी (2)
17. महिला ईसाई पादरी को यह कहते है (2)
18. वंश, कुल, खानदान (3)
19. लकड़ी, भूसे आदि की दुकान (2)
22. बृहस्पति का नाम, कला सिखलाने वाला व्यक्ति (2)

वर्ग पहेली 5474 का हल

ने	पा	ल		नौ	गां	व	
क	र	वा		सा	व	न	
रा			शा	द		ज	न
य	मु	ना		र	फू		ट
	का	ल	का		ल		ख
वा	द		न	य	न	प	ट
द	म		पु		दे	र	
क		मो	र		वी		

ये जो पल है आने वाली पूरी जिंदगी को भी परिभाषित कर देता है

(प्रणव प्रियदर्शी)

वह बस एक पल था। वह एक पल ही होता है जो अक्सर हमें और हमारे व्यक्तित्व को ही नहीं, आने वाली पूरी जिंदगी को भी परिभाषित कर देता है। जिसके नतीजे दुनिया के सामने धीरे-धीरे प्रकट होते हैं। इन नतीजों को सभी देख रहे होते हैं, लेकिन जो इन सबके पीछे होता है, वह एक खास पल, उसे कभी हम पहचान लेते हैं और कभी वह हमारी नजरों से ओझल बना रहता है।

अगर वह महात्मा गांधी जैसे किसी शख्स के जीवन में विदेशी भूमि पर, एक अनजान से शहर में रेलयात्रा के दौरान आया पल हो तो हम उसे झट से पहचान लेते हैं। शायद इसलिए कि वह कई-कई तरह से इतिहास में, हमारी चेतना में दर्ज हो चुका है। लेकिन अगर प्रफेसर प्रशांत दास के जीवन के ऐसे पल की बात की जाए तो हममें से ज्यादातर लोग मुंह बिचका कर निकल जाएंगे। जो कुछेक लोग उन्हें जानते हैं, वे शायद मुंह न बिचकाएं, पर कंधे तो वे भी उचकाएंगे। हां, उनके काम का जिक्र करने पर उसके प्रति सम्मान का भाव जरूर दर्शा सकते हैं। आखिर प्रशांत दास आईआईएम अहमदाबाद में प्रफेसर हैं, अपने स्टूडेंट्स के बीच लोकप्रिय हैं, सहकर्मियों में अपनी रिसर्च वर्क के लिए सम्मानित हैं।

उनकी एक और पहचान यह है कि वह मिथिला क्षेत्र के हैं। उन्होंने अपने घर-परिवार में मां, चाची, बुआ मौसी, बहन, भाभी वगैरह को कामकाज के दौरान और शादी-ब्याह के मौकों पर चित्रकारी करते देखा है। इस कला के लिए गहरे सम्मान का भाव उनके मन में रहा है। इन सबका प्रमाण यह भी है कि पिछले दिनों उनके प्रयासों से दिल्ली के ललितकला भवन में एक पुस्तक का विमोचन हुआ जिसका शीर्षक है 'मिथिला आर्ट, ए 360 डिग्री रिव्यू ऑफ मधुबनी पेंटिंग'। किताबें मधुबनी पेंटिंग पर और भी हैं, लेकिन इसकी खासियत यह है कि इसमें इस कला को क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय तीनों नजरिये से देखने, समझने का प्रयास हुआ है। इसके सह संपादकों में बिनीता मल्लिक (मिथिलांगन दिल्ली) डॉ. मीनू अग्रवाल (सीईपीटी यूनिवर्सिटी अहमदाबाद) और डॉ. लारा जिज़का (ईएचएल, स्विट्जरलैंड) शामिल हैं। घर-परिवार ही नहीं, मिथिला समाज और अपनी मिट्टी से जुड़ाव की कीमत समझने वाले तमाम लोग प्रशांत दास के इस कार्य को प्रशंसा भरी नजरों से देख रहे हैं।

लेकिन सवाल तो उस एक पल का है, जब कई साल पहले प्रशांत दास चेन्नै में थे, जहां जल्लीकट्टू को बैन करने के प्रयासों के खिलाफ आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कुछ लोगों को कहते सुना कि वे इसकी मधुबनी पेंटिंग जैसी दुर्गति नहीं होने देना चाहते। वही पल इन सबकी जड़ में है। क्या हम अपने और ऐसे तमाम प्रशांत दासों के जीवन में आने वाले उस एक पल को पहचान पाते हैं समय रहते? ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

आज का राशिफल

मेष

आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है। आपके सोचे गए सभी कार्य पूर्ण होंगे और कारोबार में तरक्की होने के योग हैं। आपको ऑफिस या फिर रिश्तेदारों की ओर से किसी प्रकार का कोई तनाव मिल सकता है। धन के लेनदेन में सावधानी रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

वृषभ

आज करियर में लाभ का दिन है और आप आगे बढ़ने के लिए जो भी प्रयास कर रहे हैं उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनीतिक सहयोग मिलेगा और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। सेहत के प्रति लापरवाही करना आपको भारी पड़ सकता है। वाणी पर संयम रखें। विरोधी परास्त होंगे।

मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके स्वभाव और वर्चस्व में वृद्धि होगी। दूसरे लोगों से आपको किसी प्रकार की जरूरी मदद मिल सकती है।

कर्क

आज करियर में सफलता के योग बन रहे हैं। आपके कोष में वृद्धि का संकेत है। आपका जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। शारीरिक व मानसिक क्लेश मिल सकता है। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा।

सिंह

आज दिन सफलता से भरा होगा और आज आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। आपका रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। दूसरों के सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा देशाटन से आपको लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

कन्या

आज भाग्य साथ दे रहा है और दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। खान-पान में संयम रखें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। विरोधियों का अंत होगा और रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपके जीवन में सुख सुविधाएं बढ़ेंगी।

तुला

आज लाभ होगा और आपके द्वारा राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा और आपके पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप हो सकता है और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। वरना आगे चलकर आपको किसी से पैसे उधार लेने पड़ सकते हैं।

वृश्चिक

आज भाग्य में वृद्धि होगी और आपका पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने व चोरी की संभावना है। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। आपको आज कहीं से रुका पैसा मिलने से लाभ होगा और संपन्नता बढ़ेगी।

धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता से आपकी पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपको सेहत के प्रति सावधान रहने की जरूरत है। वरना बीमार पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संमय बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

मकर

आज लाभ होगा और धन में वृद्धि होने से आपको लाभ होगा। व्यावसायिक योजनाओं को बल मिलेगा। सेहत के के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में आ रही कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। विरोधी परास्त होंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आनंद में वृद्धि होगी।

कुंभ

आज दिन शानदार है। कार्ययोजनाएं सफल होंगी और बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। झगड़ा विवाद से बचें। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है। उनकी वजह से खर्च और व्यस्तता दोनों बढ़ सकते हैं। संभलकर रहें।

मीन

आज भाग्य साथ देगा और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रोजगार के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। राजनीतिक सहयोग मिलेगा। सेहत के प्रति उदासीन न रहें। वाणी पर संयम रखें। रिश्तों में मधुरता आएगी। आपके धन में अचानक से वृद्धि होगी और आपके कई रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

संक्षिप्त समाचार

मेरठ से लखनऊ वंदे भारत इसी हफ्ते चलाने की तैयारी, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

मेरठ, एजेंसी। मेरठ के लिए बड़ी खबर है। इसी सप्ताह मेरठ से लखनऊ के बीच वंदे भारत का शुभारंभ होने की संभावना है। उम्मीद है एक-दो दिनों में वंदे भारत का विस्तृत कार्यक्रम जारी हो जाएगा। राज्यसभा सांसद डा.लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने बताया कि मेरठ से वंदे भारत ट्रेन लखनऊ के लिए इसी सप्ताह में चलने की संभावना है। प्रधानमंत्री वर्चुअल इसका शुभारंभ करेंगे। सिटी स्टेशन पर कार्यक्रम संभावित है। एक-दो दिन में इसकी तारीख और विस्तृत कार्यक्रम जारी होने की संभावना है। गत नवंबर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की थी बहुत जल्द मेरठ को एक और वंदे भारत मिलने जा रही है। रेलवे अधिकारियों ने इसका खाका तैयार करना शुरू कर दिया था। अधिकारी टाइम टेबल तैयार करने में जुटे रहे। जनप्रतिनिधियों की ओर से लगातार मांग की जाती रही। अधिकारियों का कहना है कि वंदे भारत कब से चलेगी यह मामला उच्च स्तर का है। मेरठ से लखनऊ तक अभी सिर्फ दो ट्रेनें ही हैं। सुबह राज्यरानी औश्र शाम को नौचंदी एक्सप्रेस। नौचंदी पहले मेरठ से ही चलती थी इसमें सहारनपुर से आकर लिंक जुड़ता था। कुछ महीने पहले इस ट्रेन को अंबाला जक्शन के अंडर में कर दिया गया। इसके बाद से यह ट्रेन सहारनपुर से चलने लगी। वंदेभारत चलने से मेरठ-लखनऊ के बीच यात्रा करने वालों को राहत मिलेगी। इन दोनों ट्रेनों में वेटिंग भी कम हो सकती है। फिलहाल दिल्ली -देहरादून के बीच चलने वाली वंदे भारत वाया मेरठ चल रही है। राज्यसभा सांसद, डा.लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सूचना मिली है कि इसी सप्ताह मेरठ से वंदे भारत शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। संभावना है कि पहले लखनऊ तक, उसके बाद प्रयागराज अथवा वाराणसी तक वंदे भारत चलेगी।

पत्नी से माफी मांगी, पासवर्ड और बैंक डिटेल भी बताए, फिर नोएडा में 15वीं मंजिल से नीचे कूद गया इंजीनियर

नोएडा, एजेंसी। नोएडा सेक्टर-75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के 15वीं मंजिल पर बने फ्लैट की बालकनी से कूदकर आईटी इंजीनियर ने मंगलवार को जान दे दी। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या का कारण जानने के लिए सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के टावर संख्या आठ के फ्लैट नंबर 1508 में 36 वर्षीय पंकज पत्नी और बच्चे के साथ रहते थे। मंगलवार शाम 3 बजे के करीब 15वीं मंजिल से कूदकर पंकज ने आत्महत्या कर ली। किसी के गिरने की आवाज सुनकर सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड भागकर घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक पंकज की मौत हो चुकी थी। पंकज सेक्टर-126 स्थित एक कंपनी में आईटी इंजीनियर थे। पुलिस सोसाइटी के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल रही है। जिस समय हादसा हुआ पंकज की पत्नी जालंधर गई हुई थीं। पत्नी को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। वह नोएडा के लिए निकल चुकी हैं। बताया जा रहा है कि मैसेज और मेल के माध्यम से पंकज ने घटना के पहले पत्नी से संवाद भी किया था। मेल में पंकज ने अपने लैपटॉप समेत पासवर्ड और बैंक संबंधी जानकारी पत्नी को दी है। आत्महत्या के लिए इंजीनियर ने पत्नी से माफी भी मांगी है। जिस स्थान पर आईटी इंजीनियर ऊंचाई से गिरा वहां चारों तरफ खून फैला हुआ था। इस मामले में मृतक पक्ष की ओर से अब तक संबंधित थाने में कोई शिकायत भी नहीं दी गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पंकज बीते कुछ दिनों से डिप्रेशन की दवा भी ले रहे थे। वह मूलरूप से पंजाब जालंधर के रहने वाले थे।

ममता बनर्जी ने देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते हुए अपराधों पर बात करते हुए माफी मांगी

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए और निर्मम हत्या पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सीएम ममता ने कहा है कि वह तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस के कार्यक्रम को पीड़िता को समर्पित कर रही हैं। इस पोस्ट में ममता बनर्जी ने देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते हुए अपराधों पर बात करते हुए माफी भी मांगी है। उन्होंने बंगाली भाषा में एक पोस्ट में लिखा, आज तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर मैं इसे अपनी बहन को समर्पित कर रही हूं जिसकी कुछ दिन पहले आरजी कर अस्पताल में दुखद मृत्यु हो गई थी। हम अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और उस जल्द से जल्द न्याय की मांग करते हैं। हमारी संवेदनाएं उन सभी महिलाओं के साथ हैं जो अमानवीय घटनाओं की शिकार हुई हैं। सॉरी। 9 अगस्त को कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर में 31 वर्षीय प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के बाद पूरे देश में आक्रोश है। लोग पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

राज्यपाल पर दबाव बनाने के लिए डीके शिवकुमार ने की राजभवन चलो की अपील

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने मंगलवार को 31 अगस्त को राजभवन चलो आंदोलन का आह्वान किया। यह आह्वान राज्यपाल थावरचंद गहलोत पर उनके समक्ष लंबित भाजपा नेताओं के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने के लिए दबाव बनाने के लिए किया गया है। कांग्रेस पार्टी मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के विरोध में राज्यपाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है।

पार्टी कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने मंगलवार को कहा, 31 अगस्त को हम विधान सौध में गांधी प्रतिमा से राजभवन तक मार्च निकालेंगे और राज्यपाल से लंबित मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति देने का आग्रह करेंगे। शिवकुमार ने कहा, पिछले गुरुवार को हमने कैबिनेट की बैठक की और राज्यपाल को सलाह दी। हमें चार आपराधिक मामलों के बारे में जानकारी थी, जिनकी जांच लोकायुक्त और एसआईटी सहित विभिन्न विभागों द्वारा की गई थी। मामला केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी और तीन भाजपा के तीन पूर्व मंत्रियों के खिलाफ भी है। उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है और एजेंसियों ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध किया है। लेकिन राज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी है।

शिवकुमार ने कहा कि, हमने राज्यपाल को एक सलाह दी थी, इसमें उनसे मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए कहा गया था। मुडा मामले में उन्होंने बिना किसी जांच के अभियोजन की मंजूरी दे दी। लेकिन अन्य मामलों में ऐसा क्यों नहीं किया गया। हमने इस संबंध में उनसे अपील की है। हम 31 अगस्त को राजभवन चलो मार्च निकाल रहे हैं और उन चार मामलों में मुकदमा चलाने के लिए उनकी मंजूरी की मांग करेंगे। केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी की आलोचना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा, हमारे बड़े भाई कुमारस्वामी सच्चे दिल से काम करते हैं। उनके खिलाफ 10 साल पहले मामला दर्ज हुआ था। 21 नवंबर 2023 को लोकायुक्त एसआईटी के अधिकारियों ने भी राज्यपाल को पत्र लिखा था। एसआईटी ने उनके खिलाफ राज्यपाल को 218 पन्नों की जांच रिपोर्ट सौंपी है। केंद्रीय मंत्री पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि, सच्चाई के लिए मशहूर कुमारस्वामी ने कहा कि उन्होंने किसी भी चीज पर हस्ताक्षर नहीं किए। मैं उनके बयान से हैरान हूं। अगर उनका दावा है कि यह उनके हस्ताक्षर नहीं हैं, तो किसी ने जालसाजी की होगी। उन्होंने हस्ताक्षर की जालसाजी का आरोप लगाते हुए शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई? अगर उनके हस्ताक्षर वास्तव में जाली थे, तो क्या उन्हें कम से कम पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करानी चाहिए थी?

शिवकुमार ने कुमारस्वामी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान खनन के लिए 500 एकड़ से अधिक भूमि के कथित अवैध आवंटन के मामले का जिक्र करते हुए यह बात कही।

शिवकुमार ने कहा, जिसने भी यह जालसाजी की है, उसके खिलाफ शिकायत दर्ज की जानी चाहिए। मैं कुमारस्वामी से अनुरोध करता हूं कि वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अपने हस्ताक्षर की जालसाजी के बारे में तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। आज तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

अगर वह पुलिस स्टेशन में मेल के जरिए भी शिकायत दर्ज कराते हैं, तो हम इस मामले की जांच करेंगे कि किसने उनके हस्ताक्षर की जालसाजी की है। उन्होंने कहा, पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के कार्यकाल के दौरान कुमारस्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। हमें बताएं कि उनके खिलाफ किसने साजिश रची थी। कुमारस्वामी ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा भी दाखिल किया है। उन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने खुद ही पट्टे की मंजूरी की सिफारिश की थी। जब उन्होंने खुद ही स्वीकार किया है, तो यह संदिग्ध लगता है। इसलिए मैं राज्यपाल से कार्रवाई की अपील करता हूं। कांग्रेस ने इससे पहले 19 अगस्त को राज्यपाल के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया था।

हरियाणा की बादशाहपुर विधानसभा सीट पर लगी भाजपा नेताओं की लाइन

बादशाहपुर, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और टिकटों के लिए दावेदारी पेश करने का दौर जारी है। खबर है कि राज्य के बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज दावा पेश कर रहे हैं। हालांकि, पार्टी ने अब तक उम्मीदवारों के नामों का ऐलान नहीं किया है। आने वाले दो दिनों में भाजपा कैंडिडेट्स के लिए बड़ी बैठक करने जा रही है। जम्मू और कश्मीर के साथ हरियाणा के भी चुनाव परिणाम 4 अक्टूबर को घोषित होंगे।

सीट का हाल : एक रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के पूर्व ह्रस्छ जवाहर यादव, पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल यादव और पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह इस सीट से दावा पेश कर रहे हैं। खास बात है कि मतदाताओं की संख्या के लिहाज से भी यह राज्य की सबसे बड़ी सीट है। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 9 सीटों में से एक बादशाहपुर सेगमेंट में 4.5 लाख मतदाता हैं। रिपोर्ट में भाजपा के अनुमान के हवाले से बताया गया कि बादशाहपुर में करीब 1.25 लाख अहीर (यादव), 60 हजार जाट, 50 हजार अनुसूचित जाति के सदस्य, 35 हजार ब्राह्मण और 30 हजार पंजाबी हैं। साथ ही यहां गुज्जर, राजपूत और मुस्लिम वोटर भी हैं।

क्यों है बादशाहपुर में इतनी हलचल : रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के चलते तीन उम्मीदवार इस सीट को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। दरअसल, भाजपा ने सबसे ज्यादा 1.2 लाख वोट इसी विधानसभा क्षेत्र से हासिल किए हैं। राज्य में पार्टी ने 5 लोकसभा सीटें जीतने में सफलता हासिल की थी, जिसमें गुड़गांव सीट भी शामिल है। खबर है कि जवाहर अपने किए विकास कार्यों के चलते लोगों का समर्थन होने का दावा कर रहे हैं। वहीं, नरबीर का दावा है कि उन्हें सरपंचों का समर्थन हासिल है। साथ ही यह भी कहना है कि उनके विधायक कार्यकाल में क्षेत्र में सबसे ज्यादा विकास हुआ।

अनिल विज ने कहा - कांग्रेस नेता ऐसे लड़ते हैं जैसे सब्जी मंडी में आढ़ती

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बीजेपी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अनिल विज ने बिना कोई भूमिका बांधे कांग्रेस को आईना दिखाते हुए कहा कि यह पार्टी अब चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश की जनता भी इसे खारिज कर चुकी है, लेकिन इसके नेता इस बात को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। अनिल विज ने कांग्रेस में समन्वय का अभाव बताते हुए कहा, जिस तरह से किसी सब्जी मंडी में आढ़ती आपस में लड़ते हैं, ठीक उसी प्रकार से मौजूदा समय में कांग्रेस नेता आपस में लड़ रहे हैं। स्पष्ट है कि इनके बीच में तालमेल का अभाव है, इसलिए कांग्रेस की मौजूदा स्थिति अव्यवस्थित बनी हुई है। उन्होंने आगे सवालिया लहजे में कहा, जिस पार्टी में पिछले 16 सालों से संगठन का चुनाव न हुआ हो, उसे जनता क्यों स्वीकार करना चाहेगी। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि कांग्रेस पार्टी की मान्यता रद्द कर इसका चुनाव चिन्ह भी बदल देना चाहिए, क्योंकि अब यह पार्टी चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की पार्टी किसी भी देश की राजनीति में बोझ ही बनती है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त करना उचित नहीं रहेगा। इस बीच, जब उनसे क्षेत्रीय दलों के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अब हरियाणा में क्षेत्रीय दल चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं रह गए हैं। जनता इसे सिरे से खारिज कर चुकी है। ऐसे दलों को अब हमें दरकिनार कर देना चाहिए।

240 वाली जीत के बाद भी कितने लोग साथ, भाजपा सदस्यता अभियान से आंकेगी ताकत

नईदिल्ली, एजेंसी। भाजपा जनवरी 2025 तक नए अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। इससे पहले पार्टी सदस्यता अभियान चलाने जा रही है, जिसके पहले चरण की शुरुआत 2 सितंबर से होगी। इसके तहत मिस्ड कॉल, वॉट्सऐप और नमो ऐप के जरिए लोगों को भाजपा का सदस्य बनने का मौका मिलेगा। इसके अलावा क्यूआर कोड स्कैन करके भी मेंबरशिप ली जा सकती है। भाजपा अकसर सदस्यता अभियान चलाती है। लेकिन इस बार यह अहम है क्योंकि लोकसभा चुनाव में 240 सीटें जीतने के बाद वह देखना चाहेगी कि आखिर लोगों में उससे जुड़ने के लिए कितना उत्साह है। इससे पहले 2015 में जब अमित शाह के नेतृत्व में व्यापक अभियान चला था तो भाजपा ने 18 करोड़ मेंबर्स का दावा किया था। इसके आधार पर ही भाजपा ने खुद को दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल कहना शुरू किया था। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि पार्टी हर 6 महीने पर सक्रिय सदस्यतों को दोबारा से मेंबरशिप देती है।

कोरोना के चलते यह प्रक्रिया रुक गई थी। पीएम नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इस अभियान का 2 सितंबर की शाम को शुभारंभ करेंगे। वहीं नए सदस्यों के लिए भाजपा हर तीन साल पर अभियान चलाती है। मिस्ड कॉल से मेंबर बनाने वाले कॉन्सेप्ट भी अमित शाह के अध्यक्ष रहने के दौरान ही साम ने आया था। इस बार भाजपा यह देखना चाहेगी कि उसके साथ कितने मेंबर जुड़ते हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार का नारा दिया

था, लेकिन नतीजे आए तो 240 पर ही ठहर गई। ऐसे में वह अपनी ताकत को भी आंकना चाहेगी कि आखिर जमीनी स्तर पर अब भी कितने लोग उसके साथ जुड़ने के इच्छुक हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को भी ऐक्टिव करने की कोशिश की जाएगी। माना जा रहा है कि पिछला रिकॉर्ड तोड़ पाना पार्टी के लिए आसान नहीं होगा। इसके अलावा सक्रिय सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए भी पार्टी को जोर लगाना पड़ेगा। बता दें कि भाजपा में सक्रिय सदस्य ही पार्टी के संगठन चुनाव में हिस्सा ले सकते हैं। इन्हीं कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष से लेकर ऊपर तक के पदों पर चुनाव लड़ने का मौका मिलता है। सदस्यता अभियान के पहले चरण की शुरुआत 25 सितंबर से होगी, जबकि दूसरा राउंड 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा। पार्टी इस अभियान के दौरान यूपी, बिहार, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान जैसे इलाकों में लोगों का रुख जानना चाहेगी। वह देखना चाहेगी कि लोगों का रुख उसके प्रति गर्माहट भरा है या फिर लोग भाजपा से जुड़ने के लिए उदासीन हैं।

इन्फ्लुएंसर्स पर मेहरबान योगी सरकार

योजनाओं के प्रचार वाले ट्वीट, रील वीडियो से 8 लाख महीने तक की कमाई

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 का ऐलान कर दिया। योगी सरकार की नीति एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यू-ट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अच्छा-खासा फॉलोअर रखने वाले इन्फ्लुएंसर्स पर मेहरबान है। सोशल मीडिया के इन्फ्लुएंसर यूपी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का गुणगान और बखान करके हर महीने 2 से 8 लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं। सरकार ने इसके लिए फॉलोअर या सब्सक्राइबर संख्या के आधार पर इन्फ्लुएंसर्स की चार श्रेणियां (कैटेगरी) बनाई है। इन्हें सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने पर प्रति माह अलग-अलग निर्धारित रेट पर भुगतान की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव संजय प्रसाद ने एक बयान में कहा है कि यूपी डिजिटल मीडिया पॉलिसी 2024 के जारी होने से देश-विदेश में रह रहे यूपी के लोगों को बड़ी

संख्या में रोजगार का मौका भी मिलेगा। इस नीति का फायदा उठाने के लिए एजेंसी या इन्फ्लुएंसर्स को सरकार के पास रजिस्टर करना होगा जिसके बाद उन्हें विज्ञापन जारी होंगे। सरकार का मकसद है कि डिजिटल मीडिया के जरिए विकास और जन कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 के तहत एजेंसी या इन्फ्लुएंसर्स को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर कंटेंट, वीडियो, ट्वीट, पोस्ट और रील्स बनाने हैं जिसके लिए उन्हें नकद भुगतान के जरिए प्रोत्साहित किया जाएगा। फॉलोअर की संख्या के आधार पर बनाई गई चार श्रेणियों में एक्स, इंस्टाग्राम और फेसबुक वालों को 2 लाख, 3 लाख, 4 लाख और 5 लाख रुपए महीने मिल सकता है। यू-ट्यूब पर विज्ञापन का वीडियो, शॉर्ट्स या पॉडकास्ट बनाने पर चार कैटेगरी में 4 लाख, 6 लाख, 7 लाख और 8 लाख रुपए तक का भुगतान किया जाएगा। यूपी सरकार ने डिजिटल मीडिया नीति 2024 में कुछ चीजों पर पाबंदी भी लगाई है जो गैर-कानूनी हैं। सरकार ने कहा है कि कोई भी कंटेंट किसी भी स्थिति में अभद्र, अश्लील और राष्ट्र विरोधी नहीं होना चाहिए। सरकार ने चेतावनी दी है कि आपत्तिजनक कंटेंट छापने पर संबंधित इन्फ्लुएंसर या एजेंसी पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

आनंद मोहन ने दी राजस्थान बीजेपी में गुटबाजी को हवा

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान बीजेपी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का कथित अपमान का मुद्दा गर्माया हुआ है। अब बिहार के नेता आनंद मोहन ने राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा का मुद्दा उठाकर गुटबाजी को हवा दे दी है। बता दें हाल ही में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने राठौड़ के प्रति नाराजगी जाहिर की थी। उसके बाद से ही राठौड़ समर्थकों में गुस्सा है। अब बिहार के नेता आनंद मोहन ने राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा का उल्लेख कर गुटबाजी को हवा दे दी है।

दरअसल, राजधानी जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए आनंद मोहन ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ को राज्यसभा भेजना चाहिए। कहां- ऐरे-गैरे को राज्यसभा भेजने के बजाए.. सही आदमी को सम्मान मिले। आनंद मोहन ने इशारों में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यसभा बनाने का किया विरोध किया है। खास बात यह है कि जब आनंद मोहन की बात का राजेंद्र राठौड़ ने मुस्कराकर सहमति जता दी। उसी समय राजेंद्र राठौड़ के बगल में डिप्टी सीएम दिया कुमारी भी मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में राज्यसभा की एक मात्र सीट के लिए बीजेपी ने रवनीत सिंह बिट्टू को उम्मीदवार बनाया है। बिट्टू राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए है।

हालांकि बिहार के दिग्गज नेता आनंद मोहन ने इसका विरोध किया है। उन्होंने आयोजन में राजस्थान में बीजेपी के हालातों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा ठीक नहीं है। आनंद मोहन का अब इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुई बीजेपी के सदस्यता अभियान की बैठक में कई सीनियर नेता, मंत्री और विधायक गायब रहे तो राजस्थान बीजेपी के प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने क्लास ले ली। अग्रवाल ने सबसे अधिक क्लास वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ की लगाई। राठौड़ बैठक में आए लेकिन बीच में ही चले गए। अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से कहा कि वो पूछे राठौड़ बैठक छोड़कर क्यों गए। चेतावनी भी दी कि उनकी नजर सब पर है किसी को बख्शेंगे नहीं। अग्रवाल का चेतावनी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। अग्रवाल के बयान से राजेंद्र राठौड़ के समर्थक भड़क गए। सोशल मीडिया पर भी राठौड़ समर्थकों ने एक्स पर ट्रेंड चलाया।

प्रवासी कार्यकर्ताओं का अनुभव हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में करेगा मदद: नायब सैनी

चंडीगढ़, एजेंसी। रोहतक के भाजपा प्रदेश कार्यालय ''मंगल कमल'' में पड़ौसी राज्यों से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा हरियाणा में हैट्रिक लगाने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में तीसरी बार कांग्रेस का सफाया करेंगे। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि आप सभी लोग अनुभवी हैं, चुनाव लड़ने और चुनाव लड़ाने का अनुभव हैं। उन्होंने कहा आप सभी समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और अनुभव से तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रवासी कार्यकर्ताओं की इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता आदि मौजूद रहे। नायब सैनी ने कहा कि पहले भी चुनाव के दौरान भाजपा के सभी चुनाव में सहयोग करने आए प्रवासी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय और प्रशंसनीय रहा है। हरियाणा के इस चुनावी समर में आप लोगों का योगदान भी काफी महत्वपूर्ण

रहने वाला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अंदर दूसरे राज्यों से आए प्रवासी काफी संख्या में रहते हैं। हरियाणा ऐसा राज्य है जहां प्रवासी भाईयों का पूरा मान और सम्मान होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आप लोग प्रवासी लोगों से मिलें और उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं तथा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता, साल के हर दिन, चौबीसों घंटे देश की सेवा करता है। अब चुनाव में समय कम बचा है, इसलिए सभी लोगों को नई ऊर्जा, नए जोश के साथ काम करना है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रवासी कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन कर सुशासन स्थापित किया है। हरियाणा में युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां किसानों की 100 प्रतिशत फसल को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी भाजपा सरकार ने दी है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के हित में अनेकों योजना बनाकर उनका मजबूती से विकास किया है और सशक्त बनाया हैं। श्री सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग चुनाव के दौरान अलग-अलग स्थानों पर जाएंगे, इसलिए पार्टी की नीतियों से भी लोगों को जोड़ने का काम करें। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देशभर में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी कम समय में अनेकों जनहित के निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ऐसे सीएम हैं जिनके घर के दरवाजें लोगों के लिए 24 घंटे खुले रहते हैं। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से लोग प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रवासी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का सामूहिक प्रयास करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान कराएं। प्रवासी कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार का अनुभव अवश्य ही भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में काम आएगा।

डूरंड कप 2024

मोहन बागान ने पेनाल्टी शूटआउट में बंगलूरू को हराया

फाइनल मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से मुकाबला

नईदिल्ली, एजेंसी। डूरंड कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में मोहन बागान ने बेंगलुरू को हरा दिया। अब फाइनल में शनिवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और मोहन बागान के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

डूरंड कप 2024 में मोहन बागान सुपर जायंट्स ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में बंगलूरू एफसी को 4-3 से हरा दिया। मैच का समापन रेगुलेशन टाइम में 2-2 की बराबरी के साथ हुआ, जिसके बाद पेनाल्टी शूटआउट से विजेता का फैसला हुआ।

मंगलवार को मोहन बागान सुपर जायंट्स पेनाल्टी शूट-आउट में बंगलूरू से बीस साबित हुई और विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए रोमांचक मुकाबले में फाइनल में जगह बनाई। 133वें इंडियनऑयल डूरंड कप 2024 के फाइनल में अब मोहन बागान का सामना नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से होगा। मोहन बागान की तरफ से पेनाल्टी शूटआउट में जेसन कमिंग्स, मनवीर सिंह, लिस्टन कोलाको और डिमित्री पेट्राटोस ने गोल करने में कामयाबी पाई। रेगुलेशन टाइम में बेंगलुरू एफसी ने सुनील छेत्री (42वें मिनट) और युवा प्रतिभा विनीत वेंकटेश (50वें मिनट) के गोलों की मदद से 2-0 की बढ़त बना रखी थी। 2-0 से पिछड़ रही मोहन बागान ने जबरदस्त वापसी की।

डिमित्री पेट्राटोस (68वें मिनट) और अनुरुद्ध थापा (84वें मिनट) ने गोल कर स्कोर बराबर किए। खेल खत्म होने से पांच मिनट पहले थापा के गोल ने सुनिश्चित कर दिया कि मैच पेनल्टी पर जाएगा। अब मोहन बागान का सामना शनिवार को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से फाइनल में होगा।

संक्षिप्त समाचार

जय शाह की आईसीसी में एंट्री, बनाया गया उन्हें नया चेयरमैन

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह को आईसीसी का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह निर्विरोध आईसीसी के नए चेयरमैन बने हैं। उनका कार्यकाल 1 दिसंबर 2024 से शुरू होगा। जय शाह से पहले भारत के जगमोहन डलमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर आईसीसी के अध्यक्ष रह चुके हैं।

बुमराह की सलाह से बदलेगा शिवम मावी का करियर

- 25 साल की उम्र में 4 फ्रेक्चर, फिर भी रफ्तार से समझौते को
- तैयार नहीं भारतीय वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी

नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट में तेज गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ा खतरा विस्फोटक बल्लेबाज नहीं बल्कि इंजरी होती हैं। तेज गेंदबाजों को इंजरी का सबसे ज्यादा खतरा होता है। ऐसे में महज 25 साल की उम्र में अगर आपको चार-चार फ्रैक्चर हो जाएं तो मानसिक तौर पर खिलाड़ी बहुत टूट जाता है। हालांकि भारत के युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी गिरकर फिर से उठने में यकीन रखते हैं और यही उनके जीवन का सिद्धांत है।

शिवम कई बार हुए चोटिल

शिवम मावी साल 2018 में अंडर19 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। अब तक टीम इंडिया के लिए केवल छह टी20 मैच खेले हैं। यह संख्या और ज्यादा हो सकती थी अगर मावी बार-बार चोटिल न होते हैं। मावी को अब तक चार स्ट्रेस फैक्टचर के अलावा घुटने में ग्रेट 2 इंजरी भी हुई है। वह बीते एक साल के क्रिकेट से दूर थे। वह घरेलू क्रिकेट के सीजन में भी नजर नहीं आएं। हालांकि उन्होंने उत्तर प्रदेश टी20 लीग के साथ लंबे समय बाद एक्शन में दिखे।

आईपीएल में चोटिल हुए थे शिवम मावी

मावी में अपनी वापसी पर कहा, 'मैंने बहुत समय बाद खेलना शुरू किया। आईपीएल के दौरान चोट लगने से मेरे रिहैब में देरी हुई। मेरी चोट उस जगह के करीब थी जहां मुझे स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ था। मैं पूरी तरह ठीक नहीं हुआ था और इसी कारण लखनऊ सुपर जायंट्स के कैंप में ट्रेनिंग करते हुए चोटिल हो गया। अब मैं फिट हूं और अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं रिदम वापस लाने कोशिश कर रहा हूं।'

तीन फॉर्मेट के लिए खेलना चाहते हैं मावी

शवम मावी ने अपने इंजरी से वापसी पर कहा, 'मैं हार नहीं मानूंगा। मैं अभी बस दौड़ना चाहता हूं और गेंदबाजी करना चाहता हूं। मुझे कुछ और नहीं आता। आप इसे जुनून और प्यार कह सकते हैं लेकिन मैं 25 साल की उम्र में हार कैसे मान सकता हूं। मेरे अंदर वह भूख है कि मैं तीनों फॉर्मेट में देश का प्रतिनिधित्व करूं। यही मेरी प्रेरणा है। गिरूंगा, उठूंगा और फिर से गिर के उठूंगा।' मावी और उनके साथी कमलेश नागरकोटी पिछले कुछ समय से एनसीए में साथ थे। उन्होंने कहा, 'हम शुभमन गिल, अर्श, अभिषेक के बारे में बात कर रहे थे कि वह टीम इंडिया के लिए खेल रहे हैं और हमें इसकी खुशी है। उन्हें देखकर हमें प्रेरणा मिलती है। हमने एक-दूसरे से वादा किया कि हम बेहतर करेंगे।'

गुजरात टाइटन्स के स्टार तेज गेंदबाज ने गर्लफ्रेंड सारा पेथरिक से सगाई

नईदिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन ने अपनी गर्लफ्रेंड सारा पेथरिक से सगाई की आधिकारिक घोषणा कर दी है। आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलने वाले जॉनसन ने सोशल मीडिया पर इस खुशखबरी को साझा किया जिसमें जोड़े के खास पलों को कैद करने वाली तस्वीरों की एक श्रृंखला पोस्ट की गई।

जॉनसन ने सगाई को सार्वजनिक करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। उन्होंने सारा के साथ कुछ दिल को छू लेने वाली तस्वीरें साझा कीं। इस पोस्ट को 7,600 से अधिक लाइक मिले हैं जिसमें सारा गर्व से अपनी नई सगाई की अंगूठी दिखाती हुई दिखाई दे रही हैं। जोड़े ने पोस्ट को केवल मंगेतर शब्द के साथ कैप्शन दिया, जो एक-दूसरे के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रशंसकों और फैंस ने कमेंट्स में बधाई जोड़े को बधाई दी।

स्पेंसर जॉनसन और सारा पेथरिक की रिलेशनशिप टाइमलाइन जॉनसन और सारा का रिश्ता एक लंबी और सहायक यात्रा रही है। वे कई सालों से साथ हैं, अक्सर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पुरस्कार समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते देखे जाते हैं। साराह द हंड्रेड 2024 के दौरान स्पेंसर का उत्साहवर्धन करने के लिए यूके में भी मौजूद थीं जो उनके क्रिकेट करियर के लिए उनके अटूट समर्थन को दर्शाता है। साराह को न केवल जॉनसन की पार्टनर के रूप में जाना जाता है बल्कि उनकी अपनी पेशेवर उपलब्धियां भी हैं।

जहीर खान लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटॉर नियुक्त

कोलकाता, एजेंसी। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को बुधवार को कोलकाता में आरपीएसजी ग्रुप मुख्यालय में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) का मेंटॉर नियुक्त किया गया ।

एलएसजी फ्रेंचाइजी के मालिक आरपीएसजी ग्रुप ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आपकी सारी अटकलें यहीं खत्म होती हैं! रिवर्स स्विंग के बादशाह, भारतीय दिग्गज ज़हीरखान ने लखनऊ टीम के मेंटॉर के रूप में कार्यभार संभाला।

आईपीएल 2023 के बाद गौतम गंभीर के बाहर होने के बाद जहीर एलएसजी में खाली हुई मेंटॉर की भूमिका निभाएंगे। गंभीर बाद में इस साल कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर बने और उन्हें चेन्नई में अपना तीसरा आईपीएल खिताब दिलाया। जुलाई में, वह राहुल द्रविड़ के बाद भारत के पुरुष टीम के मुख्य कोच बने। 45 वर्षीय जहीर एलएसजी के कोचिंग सेट-अप में शामिल हुए, जिसमें जस्टिन लैंगर मुख्य कोच थे, साथ ही लांस क्लूजनर और एडम वोजेस सहायक कोच थे।

मोर्ने मोर्कल के भारतीय टीम में वही पद संभालने के बाद से टीम के पास अभी तक कोई गेंदबाजी कोच नहीं है। एक खिलाड़ी के रूप में, जहीर ने मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मैच खेले और 7.58 की इकॉनमी रेट से 102 विकेट लिए।

विभिन्न रिपोर्टों में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत की 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य जहीर फ्रेंचाइजी के प्रतिभा विकास कार्यक्रम प्रमुख भी होंगे, हालांकि इस पर आधिकारिक बयान आना बाकी है।

धवन के बाद दिनेश कार्तिक भी खेलेंगे लीजेंड्स लीग

नई दिल्ली, एजेंसी। शिखर धवन के लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आगामी सीजन में शामिल होने की घोषणा के एक दिन बाद, भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इसमें शामिल हो गए हैं। कार्तिक ने इस साल जून में इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीज़न की समाप्ति के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कैश-रिच लीग में अपने अंतिम कार्यकाल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया। मध्य क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते कार्तिक कमेंटेटर के तौर पर भी असाधारण काम कर रहे हैं।

39 वर्षीय खिलाड़ी ने एलएलसी में शामिल होने के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलना निश्चित रूप से एक ऐसी चीज है जिसका मैं अपनी सेवानिवृत्ति के बाद इंतजार कर रहा हूं। मैं मानसिक और शारीरिक रूप से इस कार्य के लिए तैयार हूं और खेलने के लिए उत्सुक हूं। दिनेश कार्तिक ने तीनों प्रारूपों के 180 मैचों में एक टेस्ट शतक और 17 अर्धशतकों के साथ 3,463 रन बनाए। उन्होंने विकेट के पीछे 172 शिकार भी किए। आईपीएल के 257 मैचों में वह 4,842 रन बनाने में सफल रहे। कार्तिक ने 17 साल में आईपीएल की 6 फ्रेंचाइजी के लिए खेला। उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ उद्घाटन सत्र में पदार्पण किया। वह 2011 में पंजाब चले गए और मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और आरसीबी के लिए खेलने लगे।

बता दें कि लीजेंड्स लीग सितंबर 2024 में अपना अगला सीज़न शुरू करने के लिए तैयार है।

चोट से वापसी करना सबसे बड़ी चुनौती थी: टॉड मर्फी

नईदिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर टॉड मर्फी गर्मियों में चोट और फॉर्म में गिरावट से जूझने के बाद नाथन लियोन के असली उत्तराधिकारी के रूप में अपना दर्जा दोबारा हासिल करने के मिशन पर हैं।

अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की आशाजनक शुरुआत के बाद, जिसमें उन्हें विराट कोहली और बेन स्टोक्स जैसे महान क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए देखा गया, 23 वर्षीय ऑफ स्पिनर को अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण सीज़न का सामना करना पड़ा। हालाँकि, मर्फी वापसी करने और ऑस्ट्रेलिया के अगले शीर्ष स्पिनर के रूप में अपनी जगह फिर से पक्की करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हॉकी इंडिया ने किया 18 सदस्यीय पुरुष टीम का एलान, इन्हें मिला गोलकीपिंग का जिम्मा

नईदिल्ली, एजेंसी। आठ से 17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना प्रभाव छोड़ने के लिए तैयार है। आठ से 17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे।

कृष्ण बहादुर पाठक बने मुख्य गोलकीपर

भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कृष्ण बहादुर पाठक को भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे, जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे।

अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है। नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। वह प्रो लीग में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं। अराइजीत सिंह हुंडल टीम में तीसरे ड्रैग फ्लिकर होंगे।

दुनिया के पूर्व नंबर 1 टी20 बल्लेबाज

डेविड मलान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नईदिल्ली, एजेंसी। टी20 में दुनिया के पूर्व नंबर 1 बल्लेबाज इंग्लैंड क्रिकेट के प्रमुख क्रिकेटर डेविड मलान ने बुधवार (28 अगस्त) को विभिन्न प्रारूपों में 100 से अधिक खेलों में अपने शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

मालन ने जून 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20आई में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कार्डिफ में इंग्लैंड के लिए अपनी पहली पारी में 44 गेंदों पर 78 रन बनाए जिसमें 12 चौके और दो छक्के शामिल थे। उन्होंने 62 टी20आई में थ्री लायंस का प्रतिनिधित्व किया जिसमें 103 नाबाद के उचतम स्कोर के साथ 1892 रन बनाए।

वेस्टइंडीज ने 10 ओवर के अंदर चेज किया 116 का टारगेट

नईदिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज ने टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करके इस प्रारूप में टी20 वर्ल्ड कप 2024 की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वर्चस्व को दर्शाया है। मार्च 2023 से वेस्टइंडीज ने टी20 क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका को दस में से आठ मैच में हराए हैं। टी20 वर्ल्ड कप से पहले और बाद में 3-0 की सीरीज जीत शामिल है। इनमें से आखिरी जीत त्रिनिदाद में बारिश से प्रभावित मैच में मिली।

बारिश के कारण सीरीज का अंतिम मैच निर्धारित समय से एक घंटे बाद शुरू हुआ, लेकिन ओवर में कोई कटौती नहीं हुई। दक्षिण

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के उपविजेता का क्लीन स्वीप

अफ्रीका की पारी के पांचवें ओवर में मैच फिर रुका और 70 मिनट और खराब हो गए। इसके बाद ओवर घटाए गए। 13-13 ओवर का मैच हुआ।दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट पर 108 रन बनाए। वेस्टइंडीज के दो स्पिनर अकील होसेन और स्टैंड-इन कप्तान रोस्टन चेस ने रन नहीं बनने दिया। दोनों कुल मिलाकर पांच ओवर में 22 रन दिए। केवल ट्रिस्टन स्टब्स ने 30 से अधिक रन बनाए। वेस्टइंडीज को 116 रन का टारगेट मिला। यह टारगेट 10 ओवर के अंदर चेज हो गया।

22 गेंद शेष रहते मैच समाप्त: मेजबान टीम पहले ही ओवर में बैकफुट पर चली गई जब ब्योर्न फोर्टुइन ने पहले ओवर में एलिक एथनाजे को मिड-ऑन पर कैच कराया, लेकिन बाकी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। शाई होप और निकोलस पूरन ने दूसरे विकेट के लिए 20 गेंदों पर 58 रनों की साझेदारी की। वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। फिर होप और शिमरॉन हेटमायर के बीच नाबाद 56 रनों की साझेदारी ने मैच को 22 गेंद शेष रहते समाप्त कर दिया।

संक्षिप्त समाचार

जेलेंस्की बाइडन को बताएंगे युद्ध विराम की योजना

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह रूस के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके दो संभावित उत्तराधिकारियों कमला हैरिस व टिम वॉल्ज के सामने एक शांति योजना पेश करेंगे। मंगलवार को एक कार्यक्रम में जेलेंस्की ने कहा कि वह सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए अमेरिका जाएंगे। इस दौरान वह बाइडन से मिलेंगे। उन्होंने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में उनके सैनिकों की घुसपैठ को शांति योजना का हिस्सा बताया। कहा कि शांति योजना में आर्थिक और कूटनीतिक मोर्चों पर अन्य कदम भी शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए विवश करना है। जेलेंस्की ने कहा कि योजना की सफलता राष्ट्रपति बाइडन पर बहुत हद तक निर्भर करेगी। वह यूक्रेन को अपना (अमेरिका) का साथ देंगे या नहीं। बता दें कि यूक्रेनी सेना प्रमुख ने दावा किया है कि यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के करीब 1,300 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है।

अमेरिका ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में धमाकों की निंदा की

वाशिंगटन, एजेंसी। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हुए कई हमलों के बाद अमेरिकी विदेश विभाग के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो ने कड़ी निंदा की। विभाग के आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी बयान में विदेश विभाग ने कहा, अमेरिका हमलों की कड़ी निंदा करता है। हमलों में कई लोगों की जान चली गई। शांति भंग करने वाली कोई भी हिंसा अक्षम्य है। हम आतंकवाद के खिलाफ़ पाकिस्तान की लड़ाई में उसके साथ खड़े हैं। हम उन लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है।

जेलेंस्की का दावा- यूक्रेन में बनी बैलिस्टिक मिसाइल का पहला सफल परीक्षण

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि उनकी सेना ने हाल ही में घरेलू स्तर पर निर्मित बैलिस्टिक मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया है। बता दें कि यूक्रेन और रूस के बीच बीते 28 महीने से अधिक समय से युद्ध चल रहा है। ऐसे में जेलेंस्की का बयान चौंकाने वाला है।

ताइवान की सीमा पर देखे गए चीनी लड़ाकू विमान

ताइपे, एजेंसी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि बुधवार की सुबह करीब छह बजे चीन के करीब 30 लड़ाकू विमान, सात युद्धक जहाज और एक आधिकारिक जहाज ताइवान की सीमा के आसपास मंडराते देखे गए। बयान के अनुसार, 30 लड़ाकू विमानों में से 27 ने ताइवान की हवाई सीमा का भी उल्लंघन किया और वे ताइवान जलडमरूमध्य को पार कर मीडियन लाइन तक पहुंच गए थे। ताइवान ने कहा है कि वह स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं और हालात पर नजर बनाए हुए हैं। मंगलवार को भी चीन के 15 सैन्य विमानों और सात युद्धक जहाजों को ताइवान की सीमा के पास देखा गया था। हाल के समय में चीन द्वारा लगातार ताइवान के खिलाफ उकसावे की कार्रवाई की जा रही है। ताजा घटना भी उसी की कड़ी है।

उत्तर कोरिया ने नई तकनीक से लैस मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर का परीक्षण किया

सियोल, एजेंसी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने एक नई तकनीक से युक्त 240 मिमी मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर के परीक्षण में हिस्सा लिया। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह नया आर्टिलरी सिस्टम रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में उपयोग करने के लिए दिया जा सकता है। कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, किम ने मंगलवार को मल्टीपल रॉकेट लॉन्च सिस्टम (एमआरएलएस) के परीक्षण में भाग लिया। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि हथियार सियोल और उसके आस-पास के इलाकों में टारगेट रेंज में रख सकता है। फरवरी में, उत्तर कोरिया ने कहा था कि उसने एक नया रॉकेट लॉन्चर विकसित किया है। जो सटीकता और रेंज के मामले में उसकी हथियार क्षमताओं को बढ़ा सकता है। मई में उत्तर कोरिया की तरफ से कहा गया कि वह 2024 और 2026 के बीच कोरियन पीपुल्स आर्मी यूनिट में हथियार प्रणाली तैनात करेगा। पर्यवेक्षकों ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि उत्तर कोरिया यूक्रेन के साथ युद्ध में उपयोग के लिए रूस को रॉकेट लांचर की आपूर्ति करने के प्रयास में रॉकेट लॉन्चर का परीक्षण कर रहा है।

बांग्लादेश ने रिहा किया खतरनाक आतंकी, अल-कायदा से जुड़े हैं तार

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक खूंखार आतंकवादी को रिहा करने का फैसला किया है। अलकायदा से जुड़े आतंकवादी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के प्रमुख जशीमुद्दीन रहमानी को रिहा कर दिया गया है। यह भारत के लिए चिंता का विषय है क्योंकि यह आतंकवादी संगठन स्लीपर सेल की मदद से भारतीय सीमा के निकट जिहादी नेटवर्क बनाने की कोशिश कर रहा है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, एक सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर की हत्या के मामले में जेल में बंद रहमानी को सोमवार को पैरोल पर रिहा कर दिया गया है। गुवाहटी रेलवे स्टेशन के बाहर इस आतंकवादी समूह के दो आतंकवादियों की गिरफ्तारी हुई थी। इस समूह का सीधा संबंध अल कायदा से माना जाता है। बांग्लादेशी अखबार के मुताबिक 2013 में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर राजीब हैदर की हत्या के मामले में रहमानी को 5 साल की सजा सुनाई गई थी, जिसके बाद उसके खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों का पता चला था।

मालदीव में तख्तापलट की कोशिश, बैंक के एक कदम से हिल गई मुइज्जू सरकार

माले, एजेंसी। मालदीव से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार के खिलाफ तख्तापलट की कोशिश की गई है। मालदीव पुलिस ने एक बयान जारी कर इसका दावा किया है। पुलिस ने कहा कि बैंक ऑफ मालदीव द्वारा क्रेडिट कार्ड्स के लिए डॉलर की उपलब्धता सीमित करने का निर्णय तख्तापलट की साजिश का हिस्सा था। पुलिस इस कथित तख्तापलट की जांच कर रही है, जिसमें विपक्षी दलों और सैकड़ों ट्विटर बॉट्स के शामिल होने का आरोप है। पुलिस के बयान के अनुसार, यह साजिश राष्ट्रपति मुइज्जू के प्रशासन के खिलाफ रची गई थी। बयान में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय बैंक ने राष्ट्रपति के प्रशासन को कमजोर करने का प्रयास किया। बता दें कि बैंक ऑफ मालदीव एक सरकारी बैंक है जिसमें सरकार की 62त्न हिस्सेदारी है। मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

क्या है पूरा मामला : बैंक ऑफ मालदीव ने मालदीवियन रूफिया वाले खातों से जुड़े डेबिट और क्रेडिट कार्डों के लिए विदेशी लेनदेन को निलंबित कर दिया था। यानी मालदीव के लोग अपने डेबिट और क्रेडिट कार्डों से डॉलर या अन्य विदेशी मुद्रा में लेनदेन नहीं कर सकते थे। उदाहरण के लिए, अगर पहले ग्राहक बिना किसी लिमिट के विदेश में डॉलर में खरीदारी कर सकते थे, तो अब बैंक ने उस राशि पर एक लिमिट तय कर दी, जिससे ग्राहक केवल एक निश्चित लिमिट तक ही डॉलर खर्च कर सकते थे। मालदीव पुलिस ने एक बयान में कहा कि सरकारी स्वामित्व वाले बैंक ऑफ मालदीव द्वारा घोषित फैसले से कई लोग स्तब्ध थे। लेकिन इसी दौरान विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) सरकार की वित्तीय स्थिति पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थी। पुलिस ने कहा कि उसी समय, सोशल मीडिया पर सैकड़ों बॉट अकाउंट भी एक्टिव थे, जो नागरिकों से सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सड़कों पर उतरने का आह्वान कर रहे थे। मालदीव रिपब्लिक की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने कहा कि उसके पास यह मानने के प्रयाप्त कारण है कि बैंक के निर्णय के बाद विपक्ष की कार्रवाई सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रयास थी। पुलिस ने विपक्षी एमडीपी पर सरकार को उखाड़ फेंकने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। बैंक ऑफ मालदीव के निदेशक मंडल ने विदेशी लेनदेन पर रोक लगाने वाला फैसला शनिवार को लिया था और रविवार को सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा की। हालांकि राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि मुइज्जू प्रशासन के पास बैंक के निदेशक मंडल से बात करने के लिए पर्याप्त समय था। वे चाहते तो बैंक के फैसले को सार्वजनिक होने से रोक सकते थे। मालदीव मोनेट्री अथॉरिटी (एमएमए) के दबाव का सामना करने के बाद बैंक ने अपने डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर विदेशी लेनदेन की अनुमति को निलंबित करने के अपने फैसले को वापस ले लिया। रविवार को जारी एक बयान में, बैंक ने कहा, 25 अगस्त 2024 को घोषित विदेशी लेनदेन के लिए कार्ड की लिमिट में परिवर्तन हमारे नियामक, मालदीव मोनेट्री अथॉरिटी के निर्देश के आधार पर वापस ले लिया गया है।

इससे पहले रविवार को बैंक ने मालदीवियन रूफिया वाले खातों से संबंधित सभी मौजूदा और नए डेबिट और क्रेडिट कार्ड के लिए विदेशी लेनदेन को निलंबित कर दिया। इसके अलावा, बैंक ने मौजूदा स्टैंडर्ड और गोल्ड क्रेडिट कार्ड के लिए मासिक विदेशी लेनदेन की सीमा को घटाकर 100 अमेरिकी डॉलर कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार पॉलिसी में अचानक हुए इस बदलाव से व्यापक चिंताएं पैदा हो गई, जिसमें डॉलर के लिए ब्लैक मार्केट रेट में वृद्धि और महंगाई और आर्थिक अस्थिरता की बढ़ती आशंकाएं शामिल हैं।

सूडान में पैरा मिलिटरी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के हमले में 25 लोगों की मौत, 30 घायल

खार्तूम , एजेंसी। पश्चिमी सूडान के उत्तर दारफूर राज्य की राजधानी एल फाशेर में पैरामिलिटरी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा किए गए एक हमले में कम से कम 25 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। उत्तर दारफूर राज्य के स्वास्थ्य प्रमुख इब्राहीम खतीर ने मंगलवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया, आरएसएफ ने सोमवार को अबू शौक कैंप मार्केट पर चार शेल दागे, जिसमें 25 लोग मारे गए और लगभग 30 अन्य लोग घायल हो गए। खतीर के मुताबिक, यह घटना सोमवार को हुई और घायलों को अबू शौक क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों, सऊदी अस्पताल और सेना के मेडिकल कॉर्प्स अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है। एल फाशेर में एक गैर-सरकारी समूह ने मंगलवार को अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने सोमवार को एल फाशेर में निजी सब-सहारा कॉलेज पर बमबारी की, जिससे इस कॉलेज के मुख्य हॉल, प्रयोगशाला, शवगृह और अन्य इमारतें नष्ट हो गईं। हालांकि आरएसएफ ने इन घटनाओं पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें कि 10 मई से, एल फाशेर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच भीषण संघर्ष जारी है। सूडान में 15 अप्रैल, 2023 से आरएसएफ और आरएसएफ के बीच गंभीर संघर्ष हो रहा है, जिससे कम से कम 16,650 लोगों की मौत हो चुकी है। हालिया यूएन आंकड़ों के अनुसार, सूडान में अनुमानित 10.7 मिलियन लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो चुके हैं, जबकि लगभग 2.2 मिलियन अन्य पड़ोसी देशों में शरण ले रहे हैं। इससे पहले पश्चिमी सूडान में उत्तरी डारफुर राज्य की राजधानी एल फशर पर ही 12 अगस्त को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के हमले में कम से कम 28 नागरिक मारे गए।

ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ता का 2014 में लापता एचएच370 विमान का पता लगाने का दावा

मेलबर्न, एजेंसी। एक ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक ने दावा किया कि उन्होंने कई साल पहले लापता हुए एचएच370 विमान का पता लगा लिया है। 2014 में कुआला लंपुर से 239 यात्रियों के साथ उड़ान भरने के बाद ही मलयेशियाई एयरलाइंस की उड़ान रडार से बाहर हो गई थी। इस विमान को ढूंढने के लिए विमानन इतिहास में सबसे बड़ा खोज अभियान चलाया गया, लेकिन आज भी इस विमान का पता नहीं चल पाया। अब तस्मानिया के शोधकर्ता विंसेंट लाइन ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि उन्होंने इस विमान को खोज निकाला। उन्होंने दावा किया कि विमान को विमान को जान बूझकर हिंद महासागर के 20,000 फीट गहरे ब्रोकन रिज में गिराया गया है। शोधकर्ता विंसेंट लाइन ने कहा, एचएच370 के गायब होने की कहानी, बिना किसी संदेह के 7वें आर्क पर ईंधन की कमी, हाई स्पीड डाइव से लेकर हिंद महासागर में विमान को गायब करने को अंजाम देने का मास्टरमाइंड पायलट की तरफ इशारा करता है। यह मिशन कामयाब हो गया होता अगर विमान का दाहिना पंख लहरों के बीच से नहीं निकला होता। विंसेंट लाइन यूनिवर्सिटी ऑफ तस्मानिया के इंस्टीट्यूट फॉर मरीन एंड अंटार्कटिक स्टडीज में काम करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि विमान के पंखों, फ्लैपों और फ्लैपरॉन को हुए नुकसान से पता चलता है कि यह घटना जान बूझकर किया गया है।

कनाडा में रह रहे भारतीय छात्रों पर मंडरा रहा निर्वासन का खतरा, नई नीति के खिलाफ सड़कों पर उतरे युवा

ओटावा, एजेंसी। कनाडा में सैंकड़ों भारतीय छात्रों ने नई संघीय नीति के खिलाफ प्रदर्शन किया। दरअसल इस नीति के चलते कनाडा में पढ़ाई कर रहे विदेशी छात्रों पर निर्वासन का खतरा मंडरा रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर भारतीय छात्रों पर पड़ेगा। दरअसल कनाडा सरकार ने हाल ही में अपनी आव्रजन नीति में कुछ बदलाव किए हैं। इन बदलावों के चलते 70 हजार से अधिक स्नातक छात्रों के भविष्य को अनिश्चितता में पड़ गया है।

कनाडा के विभिन्न प्रांतों में हो रहे प्रदर्शन : भारतीय छात्रों ने कनाडा के प्रिंस एडवर्ड आइलैंड प्रांत की विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इसी तरह से प्रदर्शन ओंटारियो, मैनिटोबा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांतों में भी हो चुके हैं। आव्रजन नीति में बदलाव के तहत कनाडा की सरकार स्थायी निवास के नामांकन की संख्या को 25 प्रतिशत तक कम करने की तैयारी कर रही है, साथ ही कनाडा में पढ़ाई के लिए मिलने वाले परमिट को भी कम किया जाएगा। गौरतलब है कि कनाडा में बीते कुछ वर्षों में जनसंख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और इस जनसंख्या बढ़ोतरी में करीब 97 प्रतिशत अप्रवासी लोग शामिल हैं। यही वजह है कि कनाडा की सरकार देश में आने वाले अप्रवासियों की संख्या को सीमित करना चाहती है।

छात्रों को सता रही अपने भविष्य की चिंता : छात्रों के अधिकारों की आवाज उठाने वाले समूह नौजवान सपोर्ट नेटवर्क के प्रतिनिधियों का कहना है कि इस साल के अंत में जब छात्रों के वर्क परमिट

समाप्त हो जाएंगे, तो उन्हें निर्वासित किया जा सकता है। छात्रों का कहना है कि उन्होंने कनाडा आने के लिए कई तरह के जोखिम उठाए हैं। वह यहां पढ़ाई करके काम कर रहे हैं और टैक्स दे रहे हैं, लेकिन अब उन पर निर्वासन की तलवार लटक रही है। कुछ छात्रों का कहना है कि उन्होंने कनाडा में स्थायी निवास प्राप्त करने के लिए अपने कॉलेज की ट्यूशन फीस में अपने परिवार की जीवन भर की बचत खर्च कर दी है।

विदेशी कर्मचारियों की संख्या भी कम करेगी कनाडा सरकार : कनाडा की जस्टिन ट्रूडो की सरकार पर इन दिनों अस्थायी निवासियों की संख्या कम करने का भारी दबाव है। इसकी वजह ये है कि कनाडा में हाल के समय में मकान की कीमतें और बेरोजगारी दर बहुत ज्यादा बढ़ गई है। कनाडा में अगले साल चुनाव होने हैं और विभिन्न सर्वेक्षण में ट्रूडो सरकार पिछड़ रही है। यही वजह है कि सरकार ने आव्रजन नीति में बदलाव कर अस्थायी निवासियों की संख्या में कमी करने का दांव चला है। कनाडा सरकार अपने देश में विदेशी कर्मचारियों की संख्या भी कम कर रही है। रोजगार और सामाजिक विकास कनाडाके आंकड़ों के अनुसार, साल 2023 में 183,820 अस्थायी विदेशी कर्मचारी परमिट दिए गए, जो 2019 की तुलना में 88 प्रतिशत ज्यादा हैं।जहां बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत या उससे ज्यादा है। हालांकि खेती, खाद्य प्रसंस्करण, निर्माण क्षेत्र और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों को विदेशी कामगारों की भर्ती में छूट मिलेगी। कनाडा की सरकार ने तीन वर्षों में अस्थायी निवासी आबादी को कनाडा की कुल आबादी के 5प्रतिशत तक कम करने के लिए और अधिक उपाय करने का भी वादा किया है।

ट्रंप-हैरिस 10 सितंबर को होने वाली प्रेजिडेंशियल डिबेट में माइक बंद रखने पर हुए राजी

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के साथ 10 सितंबर को होने वाली प्रेजिडेंशियल डिबेट के लिए माइक को बंद रखने का समझौता किया है। इस डिबेट में उन्ही नियमों के तहत आगे की चर्चा होगी, जो टीवी चैनल सीएनएन द्वारा आयोजित डिबेट में थे। हालांकि कमला हैरिस ने एबीसी न्यूज द्वारा होस्ट की जाने वाली इस डिबेट की पुष्टि अभी तक नहीं की है।

सोमवार को दोनों उम्मीदवारों में बहस को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की टीम ने माइक्रोफोन को खुला रखने की मांग की। इसके अलावा ट्रम्प ने नेटवर्क के पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाते हुए डिबेट नहीं करने की धमकी दी। ट्रंप ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि अगले महीने होने वाली प्रेजिडेंशियल डिबेट के नियम जून महीने में सीएनएन पर हुई राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ डिबेट वाले ही रहेंगे। ज्ञात हो कि इसी डिबेट में कमजोर प्रदर्शन की वजह से राष्ट्रपति बाइडेन

राष्ट्रपति की उम्मीदवारी से बाहर हो गए थे, जिसके बाद कमला हैरिस को नया डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित किया गया। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यह डिबेट खड़े होकर होगी और किसी को भी कोई नोट्स रखने की इजाजत नहीं होगी। ट्रंप आगे कहते हैं कि एबीसी न्यूज चैनल द्वारा हमें पहले ही यह आश्वासन दिया जा चुका है कि यह डिबेट निष्पक्ष और न्यायसंगत होगी, साथ ही किसी भी उम्मीदवार को पहले से ही प्रश्न रखने की इजाजत नहीं होगी। इससे पहले हैरिस की टीम ने कहा था कि प्रसारणकर्ताओं को पूरे कार्यक्रम के दौरान उम्मीदवारों के माइक्रोफोन को चालू रखने चाहिए, न कि जब उनका प्रतिद्वंद्वी बोल रहे हों, जैसा कि पिछली राष्ट्रपति बहस में हुआ था। तथाकथित हॉट माइक राजनीतिक उम्मीदवारों की मदद या नुकसान कर सकते हैं, जो कभी-कभी उन टिप्पणियों को पकड़ लेते हैं जो कभी-कभी जनता के लिए नहीं होती हैं।

यूक्रेन ने रूस में 100 बस्तियों पर कब्जा करने का किया दावा

कीव/मास्को, एजेंसी। यूक्रेनी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ ओलेक्सांद्र सिरस्की ने कहा कि 6 अगस्त को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुसने के बाद से यूक्रेनी सैनिकों ने 100 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। मंगलवार को इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने सिरस्की के हवाले से कहा, हम आगे बढ़ रहे हैं, रूसी सैनिकों को महत्वपूर्ण नुकसान हो रहा है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि रूस ने अन्य क्षेत्रों से लगभग 30,000 सैनिकों को कुर्स्क में फिर से तैनात किया है और यूक्रेनी बलों को चारों ओर से घेरने की कोशिश कर रहा है। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके विशेष बलों ने कुर्स्क क्षेत्र के सुदझा जिले में एक ऊंचाई वाली जगह को सुरक्षित करने के लिए एक अभियान चलाया है। यह क्षेत्र पहले यूक्रेन के कब्जे में था।

यह ऊंचाई वाली जगह यूक्रेनी ठिकानों से 400-500 मीटर दूर स्थित है। रूसी सैनिक अब यूक्रेनी सैन्य गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं। सिरस्की ने कहा कि यूक्रेन ने अपने सुमी क्षेत्र में गोलीबारी को रोकने के लिए एक बफर ज़ोन बनाने के उद्देश्य से कुर्स्क में अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि उनके सैनिक आगे बढ़ रहे हैं और उन्होंने 594 रूसी सैनिकों को पकड़ लिया है। सिरस्की के अनुसार, रूस अन्य मोर्चों से सैनिकों को वापस बुलाकर यूक्रेन का विरोध

करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि रूस यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पोक्रोवस्क मोर्चे से सेना वापस नहीं हटा रहा है, जहां उन्होंने कहा कि स्थिति कठिन बनी हुई है। 5-6 अगस्त की रात से ही कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना ने सीमा से लगभग 10 किमी (6.2 मील) दूर सुदज़ा शहर के पास इस क्षेत्र में प्रवेश किया था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कीव पर बड़े पैमाने पर उकसाने और अंधाधुंध गोलीबारी करने का आरोप लगाया, तथा इस आक्रमण को आतंकवादी हमला बताया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने स्वीकार किया कि यह यूक्रेन के सैनिकों द्वारा किया गया एक ऑपरेशन था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका लक्ष्य रूसी हमलों के विरुद्ध बफर ज़ोन बनाना है।

अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय का दावा, अपराध दर में 30 प्रतिशत की गिरावट हुई

काबुल, एजेंसी। अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को दावा किया कि देश भर में अपराध दर में 30 फीसदी की गिरावट आई है। राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। काबुल में मंगलवार को वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए उप गृह मंत्री मोहम्मद नबी ओमारी ने दावा किया कि देश में सुरक्षा व्यवस्था में सुधार हुआ है। बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था के कारण नागरिक सुरक्षित रह पा रहे हैं और प्रांतों के बीच सुरक्षित यात्रा कर पा रहे हैं। ओमारी ने कहा कि मंत्रालय की गतिविधियां अब तालिबान नेता मुल्ला हिबतुल्लाह अखुंदजादा के आदेशों और अदालती फैसलों के अनुसार व्यवस्थित रूप से देश को संचालित कर रही हैं। मंत्री ने कहा, देश भर में अपराध दर में 30 प्रतिशत की कमी राष्ट्रीय सुरक्षा बलों द्वारा किए गए अथक प्रयासों का प्रमाण है। सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए मंत्रालय ने राष्ट्रीय पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों को पेशेवर बनाने और सुसज्जित करने के लिए कदम उठाए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि पुलिस अब किसी भी खतरे का मुकाबला करने में पूरी तरह सक्षम है। जानकारी देते हुए ओमारी ने कहा कि अपहरण की घटनाओं को सुलझाने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए 250 अभियानों में 34 अपहरणकर्ता मारे गए हैं और 76 को गिरफ्तार किया गया है। मंत्री ने यह भी बताया कि मादक पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं, जिसके तहत अफीम की खेती को नष्ट किया जा रहा है, नशे के आदी लोगों का उपचार किया जा रहा है तथा मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मंत्री ने बताया, पिछले वर्ष, अधिकारियों ने 3,643 टन मादक पदार्थ जब्त किए, 790

नशीली दवाओं के उत्पादन और प्रसंस्करण सुविधाओं को नष्ट किया और 10,564 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त, 27,891 नशे के आदी लोगों को उपचार केंद्रों में भेजा गया और 17,651 हेक्टेयर भूमि से अफीम की खेती को हटा दिया गया। मंत्रालय ने कहा, विभिन्न हवाई अड्डों से बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बरामद हुए हैं जिसमें 1.95 मिलियन डॉलर, 845,000 यूरो, 4.83 मिलियन सऊदी रियाल और 100,000 दिरहम शामिल हैं। इसकी तस्करी करने की कोशिश करने वाले लोगों को सलाखों के पीछे डाल दिया गया है। ओमारी ने कहा, अधिकारियों ने 344 किलोग्राम मादक पदार्थ और एक किलोग्राम से अधिक सोना भी जब्त किया, जिसमें पिछले 12 महीनों के दौरान 591 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, गुरूवार 29 अगस्त 2024

शासन के निर्देश पर ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम तथा रीवा वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न वार्डो में वृक्षारोपण अभियान लगातार जारी है। उसी अवसर का दृष्य।

मेडिकल कॉलेज और जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएं : उप मुख्यमंत्री

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रभार ज़िले शहडोल में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ज़िला कार्य समिति की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि उमरिया से शहडोल मार्ग और रीवा से शहडोल मार्ग के निर्माण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। उन्होंने कार्य में विलंब पर नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने युद्धस्तर पर कार्यवाही कर अक्टूबर माह तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की वजह से गतिरोध न हो साथ ही सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रावधान किए जायें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शहडोल मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय में मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होना चाहिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय शहडोल में मरीजों

के दबाव को दृष्टिगत आवश्यकतानुसार 500 बेड की सुविधा के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कालेज शहडोल में प्रदाय की जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिये। अतिवर्षा से हुए नुकसान का सर्वे कराएं - उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की और कहा कि हर घर नल से शुद्ध जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने स्कूलों तक पहुँच मार्गों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा अग्रेषित जन-समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराएं। अतिवर्षा के कारण हुए नुकसान का सर्वे कराएं तथा मुआवजे की राशि समय में लोगों को मिले यह सुनिश्चित करें। शहडोल नगर में सीवरेज कार्य अधूरा होने के कारण लोगों की काफी समस्याएं संज्ञान में आयी हैं। सीवरेज के कार्य को गुणवत्तायुक्त रूप से पूर्ण कराएं ताकि नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीएम राइज स्कूल का कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक जैतपुर एवं पूर्व मंत्री श्री जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल, कमिश्नर शहडोल संभाग श्री श्रीमन शुक्ल, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएम जन-मन आई. ई.सी. कैंपन वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में पीएम जन-मन कार्ड का विमोचन किया। उन्होंने कलेक्टर कार्यालय शहडोल के परिसर से पीएम जनमन आई ई सी कैंपन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीएम जन-मन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान) के तहत विशेष पिछड़ी हुई जनजातियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से प्रदाय की जा रही सुविधाओं सबको पक्का घर, हर-घर नल से जल, गाँव-गाँव तक सड़क, बिजली, शिक्षा, कौशल विकास, मोबाइल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका जैसी अन्य योजनाओं से अवगत कराया जाएगा।

जिले में अब तक 461.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा। जिले में 28 अगस्त को 4.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 15 मिलीमीटर वर्षा सिरमौर तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 464.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 515.5 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 313.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 841 मिलीमीटर, सिरमौर में 450.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 247.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 385.2 मिलीमीटर, मनगवां में 639 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 301 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 523.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

विकासखण्डों में एक से चार सितम्बर तक लगेंगे नि:शुल्क जाँच शिविर

उम्मीदों वाली बस से विकासखण्डों में नि:शुल्क जाँच और उपचार की मिलेगी सुविधा

रीवा। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की पहल पर गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए निःशुल्क जाँच और उपचार शिविर लगाए जा रहे हैं। जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्ड मुख्यालयों में भी इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग तथा श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम रोगियों की जाँच और उपचार करेगी। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि श्री अरविंदो हास्पिटल इंदौर के सहयोग से एक सितम्बर को त्योंथर तथा चाकघाट, दो सितम्बर को डभौरा, तीन सितम्बर को सिरमौर तथा चार सितम्बर को मऊगंज में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में अरविंदो हास्पिटल की सर्व सुविधायुक्त चलित अस्पताल इकाई उम्मीदों वाली बस से रोगियों की जाँच की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से महिलाओं के स्तन कैंसर तथा सर्वाइकल कैंसर एवं ओरल कैंसर के रोगियों की जाँच एवं उपचार किया जाएगा। इस बस में जाँच के लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाए गए हैं।

चुनाव के लिए पॉलिटेक्निक कालेज के दो कक्ष अधिग्रहीत

रीवा। जिले में नगरीय निकायों तथा पंचायत राज संस्थाओं के उप चुनाव का कार्य जारी है। उप चुनाव में मतदान के लिए ईव्हीएम का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले ने बताया कि ईव्हीएम की एफएलसी कराने तथा सुरक्षित भण्डारण के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा के दो कक्ष अधिग्रहीत किए गए हैं।

कोठी कंपाउण्ड स्थित मनकामेश्वर मंदिर का जन सहयोग से होगा जीर्णोद्धार

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देश पर कोठी कम्पाउण्ड स्थित मनकामेश्वर शिव मंदिर का जन सहयोग से जीर्णोद्धार किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया तथा प्रस्तावित कार्ययोजना अनुसार कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने मंदिर से लगी जमीन की अतिक्रमित दुकान को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कोठी कम्पाउण्ड स्थित उद्यानिकी विभाग की सड़क के किनारे भूमि में दुकान निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने व्यंकट भवन का निरीक्षण किया तथा इसके जीर्णोद्धार के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सिविल लाइन क्षेत्र का भ्रमण कर पुराने मकानों के स्थान पर नवीन आवास निर्माण के प्रस्ताव बनाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने सिविल लाइन में प्रस्तावित कमिश्नर बंगले के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री आज करेंगे तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का शुभारंभ

उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से गंभीर रोगियों को मिलेगी निःशुल्क जाँच और उपचार की सुविधा

रीवा। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा विन्ध्य क्षेत्र में उपचार सुविधाओं को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से रीवा में दूसरी बार गंभीर रोगियों की जाँच और उपचार के लिए निःशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 29 अगस्त को सुबह 11.30 बजे करेंगे। शिविर 29 से 31 अगस्त तक कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर

द्वारा किया जा रहा है। शिविर में स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुख कैंसर, डायबिटीज, ह्रदय रोग तथा अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों की निःशुल्क जाँच और उपचार अरविंदो अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जाएगी। इन्हें सहयोग देने के लिए मेडिकल कालेज के डॉक्टर तथा चिकित्सा कर्मी तैनात रहेंगे। इस सुपर स्पेशलिटी जाँच शिविर में शिशुओं के गंभीर रोगों की जाँच और उपचार किया जाएगा। शिविर में विकासखण्डों में स्क्रीनिंग के बाद पंजीकृत रोगियों की जाँच की जाएगी। शिविर स्थल पर भी रोगियों के पंजीयन की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्तियों से शिविर से लाभ उठाने की अपील की है। कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा - शिविर 28 अगस्त को प्रातः 11.30 बजे से आरंभ होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम का भ्रमण कर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि रोगियों के पंजीयन के लिए पर्याप्त संख्या में काउंटर बनाएं। शिविर में आने वाले व्यक्तियों के छाया, पानी, नाश्ते आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। आयुक्त नगर निगम परिसर में साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। शिविर में जाँच के बाद जो रोगी गंभीर रूप से किसी रोग से पीड़ित पाए जाएं उनके उपचार के लिए भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, डॉ नरेश बजाज तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त की कार्यवाही जारी

रीवा। शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 28.08.2024 को कोठी कम्पाउण्ड, सॉई मंदिर के सामने वाली सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमणकर्ताओं ने निगम आयुक्त से मुलाकात कर अपनी

बात रखी। जिस पर निगमायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अतिक्रमण के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही चलती रहेगी, अतिक्रमण हटाना प्राथमिक उदेश्य है ताकि शहर में आवागमन सुचारू रूप से हो सके और अनावश्यक ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सके एवं उन्होंने ठेले वालों से अपील की कि वे सहयोग करें, अन्यथा निगम द्वारा उनके ठेलों की जब्ती की कार्रवाई भी की जा सकती है। हालांकि, ठेले वालों की आजीविका को ध्यान में रखते हुए उन्हें आश्वासन दिया है कि हॉकर्स कॉर्नर के लिए एक विशेष स्थान चिन्हित किया जाएगा, जहां उन्हें व्यवस्थित किया जाएगा। शहर के प्रमुख मार्गो में यातायात को सुचारू बनाये रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसी प्रकार ढ़ेकहा तिराहा से एग्रीकल्चर कालेज मोड़ तक सड़क पटरी से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। साथ ही रूपये 2000 की चालानी कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

ईव्हीएम की एफएलसी 31 अगस्त तथा एक सितम्बर को

रीवा। नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं में मतदान के लिए ईव्हीएम का उपयोग किया जाएगा। मतदान के लिए तैयार की जा रही ईव्हीएम की एफएलसी 31 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा के कमरा क्रमांक जी-12 में आरंभ होगी। एफएलसी एक सितम्बर को शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयश गोखले ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जवा तथा त्योंथर जनपद पंचायत से एफएलसी के समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए शिविर चार सितम्बर को

रीवा। जिले में विभिन्न विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए चार सितम्बर को पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आरंभ होगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि शिविर में 31 अगस्त तक सेवानिवृत्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरण से संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी एवं कार्यालय प्रमुख प्रस्तुत करें। शिविर में पेंशन प्रकरण से संबंधित अभिलेखों तथा प्रभारी कार्यालय सहायक के साथ उपस्थित होकर पेंशन प्रकरणों की समस्त कमियाँ दूर कराकर सेवानिवृत्त शासकीय सेवक का पीपीओ जारी कराएं। पेंशन प्रकरणों का निराकरण न होने पर संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। कलेक्टर ने संभागीय पेंशन अधिकारी को संबंधित विभागीय कर्मचारियों के साथ शिविर में उपस्थित होकर लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

जिला अस्पताल में महिला के पेट से निकाली गई 15 किलो की गाँठ

रीवा। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से जिला अस्पताल में आधुनिक उपचार सुविधाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। अस्पताल में मॉडक्यूलर ऑपरेशन थियेटर की स्थापना के बाद कई जटिल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। गत दिवस जिला अस्पताल में जटिल ऑपरेशन करके डॉ आलोक सिंह दुबे ने महिला के पेट से 15 किलो की गाँठ निकाली। दो घण्टे तक चले ऑपरेशन के बाद सफलतापूर्वक गाँठ निकाली गई। इस संबंध में डॉ दुबे ने बताया कि जिले के रायपुर कर्चुलियान निवासी 21 वर्षीय युवती के पेट में अक्सर दर्द की शिकायत रहती थी। पेट दर्द का सामान्य उपचार कराने पर उसे कोई लाभ नहीं हो रहा था। जिला अस्पताल में 13 अगस्त को युवती को भर्ती कराया गया। उसका तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाकर विभिन्न जाँच की गई। जाँच में युवती के पेट में बड़ा गोला दिखाई दिया। इसे निकालने के लिए ऑपरेशन करने का निश्चय किया गया। डॉ दुबे ने बताया कि पेट में इस तरह का सिस्ट यानी गाँठ होना बहुत रेयर बीमारी है। लाखों व्यक्तियों में से किसी एक को इस तरह का सिस्ट होता है। महिला का ऑपरेशन डॉ दुबे, डॉ प्रतिभा मिश्रा तथा डॉ प्रवेश आर्या ने किया। ऑपरेशन में डॉ रूपा, डॉ राधा सिंह, डॉ प्रियंका मिश्रा एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा सहयोग दिया गया। ऑपरेशन के बाद युवती पूरी तरह से स्वस्थ है।

नगरीय निकाय तथा पंचायत उप चुनाव के लिए 11 सितम्बर को होगा मतदान

रीवा

जिले में पंचायतराज संस्थाओं में जनपद सदस्य पद के एक, सरपंच पद के एक तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंच के 23 रिक्त पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। आवश्यक होने पर इनके लिए 11 सितम्बर को निर्धारित मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसी तरह नगरीय निकाय में नगर निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 5 तथा नगर परिषद सिरमौर के वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद पदों के लिए भी 11 सितम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनपद पंचायत जवा में जनपद सदस्य पद के लिए वार्ड क्रमांक 4 तथा जनपद पंचायत त्योंथर में ग्राम पंचायत अतरैला 11 में सरपंच पद के लिए चुनाव कराया जा रहा है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंच पद के लिए जनपद पंचायत रीवा में ग्राम पंचायत भटलो में वार्ड क्रमांक एक, सुमेदा में वार्ड क्रमांक 2, दुआरी में वार्ड क्रमांक 3, जोकिहा में वार्ड क्रमांक 4 तथा कनौजा में वार्ड क्रमांक 5 में चुनाव होंगे। विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में टिकुरी वार्ड क्रमांक एक तथा विकासखण्ड गंगेव में ग्राम पंचायत पटना में वार्ड क्रमांक एक, सहेबा में वार्ड क्रमांक 2, पिपरवार में वार्ड क्रमांक 3, कठेरी में वार्ड क्रमांक 4, गोदरी में वार्ड क्रमांक 5, महमूदपुर में वार्ड क्रमांक 6 एवं ग्राम पंचायत कटहा में वार्ड क्रमांक 7 में चुनाव होंगे। जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत दुबगंवा के वार्ड क्रमांक एक, छिरहटा वार्ड क्रमांक 2, शाहपुर वार्ड क्रमांक 3 तथा कटकी वार्ड क्रमांक 4 एवं जनपद पंचायत त्योंथर की ग्राम पंचायत कोटहा खुर्द वार्ड क्रमांक एक, जमुई कला वार्ड क्रमांक 2 एवं ग्राम पंचायत कुड़री के वार्ड क्रमांक 3 में पंच पद के लिए चुनाव हो रहे हैं। जनपद पंचायत जवा में ग्राम पंचायत बरहुला में वार्ड क्रमांक एक, बरौली ठकुरान में वार्ड क्रमांक 2, जतरी वार्ड क्रमांक 3 में पंच पद के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं। इनमें आवश्यक होने पर निर्धारित तिथि में मतदान कराया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिन क्षेत्रों में निर्वाचन प्रक्रिया जारी है उनमें चुनाव की आदर्श आचरण संहिता लागू है। जिन क्षेत्रों में चुनाव हो रहा है उनमें उम्मीदवार, सभा और जुलूस के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम से लिखित अनुमति प्राप्त करने के बाद इनका आयोजन कराएं। ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के लिए भी संबंधित एसडीएम अनुमति दे रहे हैं। जिन नगरीय निकायों के वार्डों तथा पंचायत राज संस्थाओं में उप चुनाव हो रहे हैं उनमें निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता लागू होने के साथ-साथ निर्वाचन क्षेत्र की सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों के तहत सभी तरह के अस्त्र-शस्त्र एवं घातक हथियारों को लेकर चलने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इन क्षेत्रों के सभी शस्त्र लाइसेंस धारी अपने शस्त्र 31 अगस्त तक संबंधित थाने में जमा करा दें।

सुरक्षा में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। जिन क्षेत्रों में निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है उनमें एसडीएम तथा रिटर्निंग आफीसर सम्पत्ति विरूपण अधिनियम एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का कठोरता से पालन सुनिश्चित कराएं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833